● जयपुर, मंगलवार, 30 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 332 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का....

पेज @4 कांग्रेस की वजह से राज्य को अब...

पेज @8 » भारतीय शिक्षा और शोध भारत केंद्रित हो....

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी कई सौगातें

## एनएफएसए के लाभार्थियों को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर

## 1 सितंबर 2024 से लागू होंगी वेतन विसंगति संबंधी सिफारिशें, चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी भर्ती

चमकता राजस्थान

जयपुर, 29 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर की योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभार्थियों को 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर दिया जाएगा। अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों को इसका लाभ मिल रहा था। मुख्यमंत्री ने सोमवार को राजस्थान विनियोग एवं वित्त विधेयक पर चर्चा के प्रत्युत्तर के दौरान गत सरकार में गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशों को लागू करने, पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में अग्निवीर युवाओं को नियुक्ति का प्रावधान, भरतपुर एवं बीकानेर में विकास प्राधिकरण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, पिछड़ा एवं अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए 24x7 कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भी सर्वजनहिताय की सोच वाला, समाज के सभी वर्गों-युवा, किसान, महिला, मजदूर, गरीब, असहाय, उपेक्षित और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट दिया है। इस बजट के 10 संकल्पों से हम प्रदेशवासियों की खुशहाली के साथ विकसित राजस्थान का निर्माण करेंगे।



### भरतपुर एवं बीकानेर यूआईटी होंगे विकास प्राधिकरण

### ● 1953 से 2014 के बीच 50 से अधिक बार बर्खास्त हुई राज्य सरकारें

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 भारत के लोकतंत्र में काला दिवस था। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने अपना पद बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या की। नेताओं को मीसा कानून के तहत जेल में डाला, न्यायालय के अधिकारों पर कुठाराघात किया और मीडिया पर सेंसरशिप लागू की। साथ ही 1953 से 2014 के बीच 50 बार से अधिक राज्यों में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनहित का काम करती है, नाम बदलने की राजनीति नहीं। पूर्ववर्ती सरकार ने अटल सेवा केन्द्र का नाम राजीव गांधी सेवा केन्द्र करने एवं अन्नपूर्णा रसोई योजना का नाम बदलकर इंदिरा रसोई योजना करने का कार्य किया गया।

### ● पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं की घोषणाओं की क्रियान्विति

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ठोस कार्य करने की नीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं पूर्ववर्ती सरकार के समय में केवल थोथी घोषणाएं हुईं। पशुधन बीमा योजना में पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन किया लेकिन एक भी पशु का बीमा नहीं किया गया। वहीं प्रतापगढ़, जालौर एवं राजसमंद में मेडिकल कॉलेज खोलने, फिरोजपुर फीडर की मरम्मत के कार्य, जयपुर में विश्वकर्मा एमएसएमई, केन्द्रीय बस स्टैंड-सिंधी कैम्प को मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड आईएसबीटी हब के रूप में विकसित करने सहित कई घोषणाओं की क्रियान्विति नहीं हुई।

### ● 45 हजार से अधिक भर्तियां, 20 हजार युवाओं को मिली नौकरी

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अल्प अवधि में 45 हजार से अधिक पदों के लिए भर्तियों के विज्ञापन प्रकाशित किये हैं। लगभग 20 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी भी प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) के लिए भी कोई एमओयू नहीं किया गया। साथ ही, यमुना जल समझौते के लिए एक मांग पत्र भी नहीं लिखा गया। वहीं हमने प्रदेशहित में इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया।

### ● 1 हजार करोड़ रुपये से बनेंगे अटल प्रगति पथ

इस दौरान श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 4.0 के अंतर्गत प्रदेश की ढाई हजार से अधिक ग्रामीण बसावटों को सड़क से जोड़ने का प्रावधान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रदेश में सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन संबंधी कार्यों के लिए 1 हजार 100 करोड़ रुपये के अधिक की राशि के कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2 वर्षों में 1 हजार करोड़ रुपये व्यय कर 10 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट के अटल प्रगति पथ निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए 500 के स्थान पर 1000 ई-बस उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा की।

### ● भरतपुर एवं बीकानेर में बनेंगे विकास प्राधिकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि भरतपुर एवं बीकानेर यूआईटी का उन्नयन कर वहां विकास प्राधिकरण का गठन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में जन सुविधा के कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जिला नगरीय आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी के विकास के लिए नवीन योजना बनाई जाएगी। उन्होंने 10 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों एवं निकटवर्ती गांवों को शामिल करते हुए 100 कलस्टरों में चरणबद्ध रूप से फेकल स्लज मैनेजमेंट के कार्य एवं दौसा शहर में सीवरेज मास्टर प्लान, सूरजगढ़ (झुंझुनूं), सांगोद (कोटा) में सीवरेज लाईन के कार्य, चेचट एवं खैराबाद कस्बों में क्षतिग्रस्त नालों की सफाई एवं पुनर्निर्माण कार्यों की घोषणा भी की।

### ● पेयजल संबंधी 9 कार्यों के लिए 540 करोड़ रुपये की घोषणा

शर्मा ने प्रदेश में पेयजल सुविधा हेतु बीसलपुर पेयजल योजना में अजमेर (फेज-3)-जयपुर (फेज-2) के लिए कॉमन इंटेक वैल मय ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण सहित पेयजल संबंधी 9 कार्य 540 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए वाटर टेस्टिंग लैब्स को राष्ट्रीय स्तर का बनाकर एनएबीएल से मान्यता प्राप्त करने हेतु 15 करोड़ 50 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही, वाटर टेस्टिंग सेंपल्स को जीओ टेगिंग कर ऑनलाइन किया जाएगा।

### ● एससीआईएल और गेल से एमओयू कर 4100 मेगावाट क्षमता का होगा सृजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए एससीआईएल और गेल से एमओयू करते हुए 4100 मेगावाट क्षमता का सृजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों के खेत पर कुसुम परियोजना/हैम मॉडल के माध्यम से 1000 मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन किए जाने की घोषणा की। साथ ही, प्रदेश में हैम मॉडल पर बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के माध्यम से चरणबद्ध रूप से 2000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता सृजित की जाएगी। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कैप्टिव पावर उत्पादन की सीमा 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत करने एवं विभिन्न क्षमता के 4 जीएसएस स्थापित किए जाने की घोषणा भी की।

### ● खुशियारा एवं पण्डेर में औद्योगिक पार्क एवं अजमेर में आईटी पार्क

शर्मा ने युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 6 प्रतिशत ब्याज पुनर्भरण हेतु ऋण की सीमा बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये किए जाने, पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दस्ताकारों को दिये जा रहे 5 प्रतिशत की दर पर ऋण हेतु 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिये जाने, खुशियारा (बारां) एवं पण्डेर (जहाजपुर)-शाहपुरा में औद्योगिक पार्क एवं अजमेर में आईटी पार्क स्थापित किये जाने की घोषणा की।

### ● चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भी होगी भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की स्किलिंग एवं अप्रेंटिसशिप के लिए पीएम पेकेज के अंतर्गत प्रदेश के ढाई लाख से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने भर्तियों में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन विभागीय स्तर पर कराये जाने एवं विज्ञप्ति उपरांत रिक्तियों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि के प्रावधान को बढ़ाकर 100 प्रतिशत किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी की भर्ती के नियमों में परिवर्तन किया जाकर इन पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने सीईटी के प्रावधानों में बदलाव करते हुए क्वालीफिकेशन हेतु सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम अंक 40 प्रतिशत एवं एससी-एसटी के लिए 35 प्रतिशत अंक किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कालवाड़, बनीपार्क (जयपुर) सहित 6 नवीन महाविद्यालयों, 3 नवीन कन्या महाविद्यालयों, बालाहेड़ा (महवा-दौसा) में कृषि महाविद्यालय, 2 पॉलिटेक्निक एवं एक महिला पॉलिटेक्निक सहित शिक्षा के विस्तार की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

### ● एम्स की तर्ज पर प्रदेश में बनेगा आरआईएमएस

शर्मा ने कहा कि आरयूएचएस का उन्नयन करते हुए एम्स दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम-2018 के अंतर्गत इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन किये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने श्रीगंगानगर एवं मेडिकल कॉलेज कोटा में कैंसर मरीजों के लिए लीनियर एक्सलरेटर मशीनें उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन की घोषणा भी की।

### ● राजस्थानी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए विजयदान देथा साहित्य उत्सव

मुख्यमंत्री ने राजस्थानी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष विजयदान देथा साहित्य उत्सव मनाने सहित विभिन्न आस्था केन्द्रों, पेनोरमा एवं बावड़ी संबंधी विकास कार्यों के लिए भी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि जयपुर एवं जोधपुर में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नवीन क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किए जाएंगे। उन्होंने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि से 2 लाख 50 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल को सिंचित किए जाने के लिए विभिन्न सिंचाई संबंधी कार्यों करवाये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल, फसली रोग एवं विपणन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करवाने के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान कर राज किसान साथी प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। उन्होंने पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि, 2 हजार दुग्ध संकलन केन्द्र खोलने, पशु चिकित्सा संस्थानों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन, परबतसर (डीडवाना-कुचामन), सेड़वा (चौहटन) एवं भाड़ोती (सवाईमाधोपुर) में कृषि मंडी खोलने तथा 150 बीज बैंकों की स्थापना सहित विभिन्न घोषणाएं की।

### ● डीड राइटर्स की संख्या होगी 5 हजार

शर्मा ने केन्द्रीय सशस्त्र बलों की तर्ज पर अग्निवीर युवाओं को पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान करने की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश में 100 सीटर राज्य स्तरीय अभय कमांड सेंटर की स्थापना करने, तिजारा (खैरथल) में बार्डर होमगार्डस की एक कंपनी तैनात किए जाने, अजमेर/जयपुर स्थित राजस्व मंडल एवं कर बोर्ड का एकीकरण किये जाने, डीड राइटर्स की संख्या दोगुनी कर 5 हजार किये जाने, विभिन्न प्रशासनिक, पुलिस इकाईयों एवं न्यायालयों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन सहित अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने बार काउंसिल को एक बारीय सहायता के रूप में 7 करोड़ 50 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

### ● 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता

मुख्यमंत्री ने गत सरकार द्वारा गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की वेतन सुधार, वेतन विसंगति संबंधी शेष सिफारशों को 1 सितंबर, 2024 से लागू करने, राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हॉयरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के अंतर्गत सृजित पदों के नियमित पदों में परिवर्तित किये जाने पर नियुक्ति हेतु 5 वर्ष के अनुभव की निर्धारित पात्रता अवधि में वर्ष 2024-25 में 2 वर्ष की छूट प्रदान किये जाने की घोषणा की। उन्होंने पेंशनर्स को राहत प्रदान करते हुए 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की घोषणा

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के द्वारा प्रस्तुत बजट में सार्वजनिक निर्माण विभाग का रखा विशेष ध्यान

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में सार्वजनिक निर्माण विभाग का विशेष ध्यान रखा गया है विशेष तौर पर सड़कों, पुलों और सरकारी भवनों के निर्माण और रखरखाव का कार्य करने वाले विभाग में यह मील का पत्थर स्थापित करने का प्रयास है।

उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी कई बार मुलाक़ात कर उनसे कई राष्ट्रीय परियोजनाओं में राजस्थान की भागीदारी की माँग की है जिनमें से कई माँगें गडकरी द्वारा पूरी भी कर दी गई है बाकी और माँगो के लिए वे प्रयासरत हैं

इनके नेतृत्व में विभाग आधुनिकीकरण के साथ तालमेल बिठाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के एक



नए युग में कदम रख रहा है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग राज्य का सबसे पुराना इंजीनियरिंग विभाग है, जिसका नेटवर्क पूरे राजस्थान में फैला हुआ है, जो विभाग को राज्य में कहीं भी विभिन्न प्रकार के कार्यों/कार्यों के निष्पादन को सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है।

विभाग द्वारा अनुरक्षित सड़कों की कुल लंबाई 201064 किलोमीटर से अधिक है। विभाग पूरे राजस्थान और उसके बाहर राज्य भवनों का रखरखाव भी करता है।

### सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता बजट घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर लाने में प्रयासरत !

सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने बजट घोषणाओं को शीघ्र अमलीजामा पहनाने के लिए कार्य शुरू कर दिए हैं, उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव बनने के बाद ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर किन्ही कारणों से कोई कार्य नही हुए हैं तो उन्हें आपसी समन्वय के साथ अति शीघ्र पूरा करें।

मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्यों के वर्क ऑर्डर जल्द जारी हों एवं जिन कार्यों के वर्क ऑर्डर हो गए हैं यह सभी कार्य गांव-गांव तक ज़मीनी स्तर पर दिखे गुप्ता के अनुसार समय समय पर बजट घोषणाओं में सड़कें, अन्य घोषित कार्य, राजस्व गावों को डामर सड़क से जोड़ना आदि सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी जिससे सभी कार्य शीघ्र ही संपन्न हो



सकें। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में डामर के कार्य नहीं किए जाएं तथा वर्षा ऋतु में सब ग्रेड, जीएसबी, डब्ल्यू एमएम ,सीमेंट कंक्रीट के कार्य करें। संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर सभी कार्यों की गुणवत्ता जांचें एवं जिन कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न हो वहां नियमानुसार कार्यवाही करें। विभाग के कार्यों को नियमानुसार एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीक़े से करने के लिए प्रवीण गुप्ता दिन रात एक कर रहे हैं वे शनिवार-रविवार सहित सभी कार्य दिवसों में देर शाम तक कार्य कर रहे हैं उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी उनके व्यवहार और कार्यों को लेकर संजीदगी से उनके क़ायल हैं।

# लोकसभा में राहुल गांधी के बयान को भाजपा ने बताया अराजक और विभाजनकारी

नई दिल्ली/एजेंसी।

लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आलोचना की है। राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर हमला बोला और अभिमन्यु का जिक्र करते हुए चक्रव्यूह का दूसरा नाम पद्मव्यूह बताया, जो कमल के फूल के शेप में होता है। राहुल गांधी के बयान पर भाजपा मुंबई प्रदेश के उपाध्यक्ष हितेश जैन ने पलटवार किया है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को अराजक और विभाजनकारी करार दिया। हितेश जैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, संसद में राहुल गांधी का भाषण किसी विभाजनकारी, अराजक बयान से कम नहीं था। उनके बयान का उद्देश्य देश की एकता को खत्म करना है। धन सृजनकर्ताओं और संगठनों का उपहास करना देश की तरक्की के प्रति उनकी पूरी बेरुखी को दर्शाता है।उन्होंने कहा, राहुल गांधी, जिन संस्थाओं की उपज हैं, जिनका वह मजाक उड़ाते हैं। वह केवल अपने स्वार्थ के लिए समाज को बांटना चाहते हैं। उनके भाषण में विश्वसनीय आंकड़े, ठोस तथ्य और ईमानदार इरादे का अभाव था। यह राजनीतिक कौशल नहीं, बल्कि किसी भी कीमत पर सत्ता पाने की हताश कोशिश है।

# चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर लैंडस्लाइड, बोलेरो पर गिरी पहाड़ी, 1 की मौत-3 घायल

शिमला/एजेंसी।

हिमाचल प्रदेश में चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर बीती रात परवाणू में पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में पंजाब नंबर की एक बोलेरो कैंपर आ गई। इसमें सवार देवराज नाम के व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। घायलों का ईएसआई अस्पताल परवाणू में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीबी 08ष्टक्क-9686 नंबर की बोलेरो कैंपर गाड़ी अखबार लेकर बीती रात चंडीगढ़ से शिमला जा रही थी। रात करीब ढाई बजे परवाणू के आई लव हिमाचल पार्क के समीप पहाड़ी से अचानक लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में गाड़ी आ गई। गाड़ी में गंभीर रूप से घायल देवराज को परवाणू से पीजीआई रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। लैंडस्लाइड के बाद हाईवे सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद हो गया, जिसे सुबह 6 बजे बहाल कर दिया गया है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी बीती रात को बारिश से तबाही हुई है।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सैंटर, पीजी और हॉस्टल

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है।

निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते? शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है।

ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। विडंबनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना- निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम।

हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था।

आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती? वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा।

# महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?



आरके सिन्हा

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की। देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए । मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने )उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा। जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। अब तीन साल बाद वही एनसीपी नेता देशमुख यह दावा कर रहे हैं कि फडणवीस ने उन पर उद्धव और आदित्य ठाकरे, तत्कालीन डिप्टी सीएम अजीत पवार और मंत्री अनिल परब सहित एमवीए के प्रमुख लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला था। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस पर विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाडी के नेता रणनीति के तहत हल्ला बोल रहे हैं। उन्हें लगता है कि देवेंद्र फडणवीस को घेरकर वे विधानसभा चुनाव में बढ़त बना सकते हैं। बेशक, यह अफसोसजनक स्थिति है कि जिस फडणवीस के मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य का अभूतपूर्व विकास हुआ, उन पर मिथ्या आरोप लग रहे हैं। उनके ही नेतृत्व में मुंबई मेट्रो का विस्तारीकरण हुआ। मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग, आर्थिक गलियारों और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरूआत हुई। बढ़ती शहरी आबादी को समायोजित करने के लिए किफायती आवास योजनाओं को उन्होंने ही लागू किया। सड़क और रेल परियोजनाओं सहित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में सुधार किया। आतंकवाद-रोधी उपायों के तहत संभावित खतरों को रोकने और उनका जवाब देने के लिए सुरक्षा ढांचे को बढ़ावा दिया। देवेंद्र फडणवीस ने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के तहत मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए इस समुद्री पुल की शुरूआत की। गोपीनाथ मुंडे के निधन के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख नेता के रूप में सामने आए। उन्होंने राज्य भाजपा को एकजुट किया। यह फडणवीस ही थे जिन्होंने भाजपा की ताकत बढ़ाने के लिए शिवसेना के बिना चुनाव लड़ने का हिम्मती फैसला किया। उन्होंने राज्य के लिए भाजपा की स्वतंत्र ताकत और दृष्टि पर जोर दिया और उनके नेतृत्व में ही भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। राज्य में शिव सेना के बिना भाजपा की सरकार बनाने के लिए फडणवीस ने ही मंच तैयार किया। अब भी वह सत्तासीन गठबंधन में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका रणनीतिक कौशल जबर्दस्त रहा है। वह शासन में निरंतरता और प्रगति सुनिश्चित करते हुए लचीलेपन के साथ हर मुद्दे का राजनीतिक समाधान तलाशने में महारत रखते हैं। वही विभिन्न वर्गों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने में आगे रहे हैं। उनकी नेतृत्व शैली और उपलब्धियों ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में एक केंद्रीय व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है। वह पैराशूट वाले नेता नहीं हैं। महाराष्ट्र में वह भाजपा में रैंक के माध्यम से आगे बढ़ने वाले नेता हैं। फडणवीस 1989 में युवा विंग के अध्यक्ष रहे हैं और केवल 27 साल की उम्र में नागपुर के मेयर नियुक्त हुए और 44 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। वह एक ऐसे नेता हैं जो भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और आरएसएस दोनों में स्वीकार्यता रखते हैं। वह संघ के मूल मूल्यों को समझते हैं और पार्टी के भीतर उसको अपनाने की कोशिश भी करते हैं। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल-पुथल जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान स्थिति को स्थिर करने और पार्टी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। हाल के लोक सभा चुनावों में पार्टी की हार को अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने की उनकी पेशकश, नैतिक बल को ही दर्शाती है। फडणवीस पर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। राज्य के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को लगता है कि पिछले दस वर्षों से महाराष्ट्र में भाजपा के निर्विवाद नेता के रूप में फडणवीस ही राज्य में भाजपा की पुनः वापसी कर सकते हैं। वे विपक्ष को पटकनी देने में सक्षम हैं। विपक्ष भी हमेशा फडणवीस से ही डरा हुआ दिखाई देता है। किसी न किसी तरह से उन पर निशाना साधने में महाविकास अघाडी के नेता कोई कसर नहीं छोड़ते। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवेन्द्र फडणवीस पर भरोसा रखते हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को अच्छी सफलता मिली, सबको लगा कि फडणवीस एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आगे आ गए। उन्हें अपने पुराने सहयोगी – भारतीय जनता पार्टी को दगा देने में कोई संकोच नहीं किया। शरद पवार ने कांग्रेस नेतृत्व को राजी किया और उन्हें उद्धव ठाकरे का समर्थन करने के लिए मजबूर किया और अपनी सरकार बना ली, लेकिन फडणवीस ने जून 2022 में पवार साहब की साजिश को माकूल जवाब दे दिया। केवल ढाई साल की अवधि के लिए उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। अब वही ठाकरे शरद पवार के हाथों खिलौना बने हुए हैं।



**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# एक हिंदू राजा की संतान ने बसाया था आजमगढ़

कृष्णप्रभाकर उपाध्याय

प्रदेश में चल रही 'आजमगढ़' नगर का नाम बदलने की चर्चा तथा इसके मुस्लिम समाज द्वारा किए जा रहे विरोध के मध्य संभवतः यह जानना रोचक व चौंकाने वाला होगा कि 1665 ईस्वी में आजमगढ़ की स्थापना करने वाला आजम खान स्वयं एक हिंदू पिता की संतान था। 'राजा एंड नवाब्स ऑफ द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1879' तथा 'द मैन्युअल ऑफ टाइटल्स फॉर द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1929' के विवरण बताते हैं कि आजम खान व इसका भाई अजमत खान, इस क्षेत्र के तत्कालीन गौतमवंशीय राजा विक्रमादित्य के उनकी मुस्लिम पत्नी से उत्पन्न पुत्र थे। राजा विक्रमादित्य ने हिंदू धर्म के उदारता के चलते कभी भी अपनी मुस्लिम पत्नी के पांथिक विश्वासों में हस्तक्षेप नहीं किया। न ही उन्होंने उससे उत्पन्न पुत्रों के, अपनी पत्नी की भावनाओं के अनुरूप मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार नामकरण करने या पालन-पोषण करने में बाधा पहुंचाई। (यह ठीक उसी प्रकार था, जिस प्रकार बाद के वर्षों में सुप्रसिद्ध पेशवा 'बाजीराव' ने भी अपनी मुस्लिम प्रेमिका मस्तानी से उत्पन्न पुत्र की परवरिश अपने प्रेमिका की मुस्लिम भावनाओं के अनुरूप कराई थी। इसके विपरीत यह तथ्य अधिक चौंकानेवाला है कि तत्कालीन शासकों व उनके अधिकारियों द्वारा हिंदुओं को मुसलमान बनाने के बाद भी इस्लाम की कथित 'सभी मुसलमान एक हैं या उनमें जाति प्रथा आदि नहीं है', जैसी विरुदावली के विपरीत, इन्हें कभी भी अपने समकक्ष नहीं समझा)। वे इनकी अलग पहचान बनाये रखने के लिए इन्हें 'खानजादा' 'लालखानी' 'साबितखानी' जैसे नाम देते थे।आजम खान व उसका बाद का वंश भी 'खानजादा' कहलाता था। राजा विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद उनके भाई रूद्र सिंह राजा बने। किंतु रूद्र सिंह ने भी अपने बड़े भाई की संतान आजम खान व अजमत खान के 'ज्येष्ठ' का पुत्र होने के अधिकार को स्वीकारते हुए आजम खान को ही अपना उत्तराधिकारी बनाया। उपरोक्त पुस्तकों में आजम खान के मूल गौतम राजपूत वंश (जिसका प्रतिनिधित्व उसे समय फतेहपुर के अर्गल नामक स्थान के राजा द्वारा




किया जा रहा था) के विवरणों में बताया है कि यह गौतम राजपूत भगवान बुद्ध के समय 'शाक्य' कही जानेवाली क्षत्रियों की शाखा का परिवर्तित नाम है। इस वंश का परिचय देते हुए बताया गया है कि इस वंश के सुप्रसिद्ध ऋषि 'श्रृंगी ऋषि' का विवाह तत्कालीन कन्नौज नरेश अजयपाल की पुत्री से हुआ था। अजयपाल ने अपनी पुत्री को दहेज में कन्नौज से लेकर कड़ा तक के भूभाग प्रदत्त किए थे, जहां इस वंश का शताब्दियों तक राज्य रहा। अनुश्रुतियां तो सेंगर राजपूतों की उत्पत्ति भी इन्हीं श्रृंगी ऋषि की दूसरी पत्नी से होना मानती हैं।बारहवीं सदी में पुनः इस वंश के राजा रतनदेव का विवाह कन्नौज के तत्कालीन गाहड़वाल नरेश जयचंद की पुत्री से हुआ। राजा रतनदेव, जयचंद तथा मोहम्मद गौरी के मध्य (फिरोजाबाद जनपद के चंदवार नामक स्थान पर) हुए युद्ध में जयचंद की ओर से लड़ते हुए 1191 ईस्वी में मारे गए थे। किंतु इस वंश का इस क्षेत्र पर अधिकार अकबर के आक्रमण तक बना रहा था। शेरशाह सूरी तो इसी वंश के सहयोग से हुमायूं को परास्त कर सका था। समय के साथ इस वंश की एक शाखा परगना निजामाबाद (बाद में आजमगढ़) के मेहनगर में स्थापित हुई। पुस्तकों के विवरण के अनुसार मेहनगर के चंद्रसेन के दो पुत्र थे- सागर सिंह व अधिमान। (इनमें अधिमान संभवतः नपुंसक था)। यह नौकरी की तलाश में जब जहांगीर के दरबार में पहुंचा तो उसने इसे मुसलमान बनाकर महल का ख्वाजा नियुक्त कर दिया। अधिमान का मुस्लिम नाम 'दौलत ख्वाजा' हुआ। इसे 1662 ईस्वी में जौनपुर का फौजदार भी बनाया गया। संभवतः इसी की सिफारिश पर जहांगीर ने इसके भतीजे (अर्थात सागर सिंह के पुत्र) हरवंश को राजा का विरुद्ध भी प्रदत्त किया। ख्वाजा दौलत की मृत्यु के बाद उसकी संपदा भी हरवंश को प्राप्त हुई। इस हरवंश के दो पुत्र थे- गंभीर सिंह तथा धरणीधर। इनमें गंभीर सिंह तो निसंतान रहे, जबकि धरणीधर के विक्रमाजीत व रूद्र सिंह नामक दो पुत्र हुए। इन्हीं धरणीधर के पुत्र विक्रमादित्य की मुस्लिम पत्नी से उत्पन्न था आजमगढ़ बसानेवाला 'आजम खान'। 'आजमगढ़' का नाम बदले जाने की चचार्ओं के मध्य यह सुझाव अधिक समयोचित होगा कि इसका नाम इसके संस्थापक के मूलवंश 'गौतम' के नाम पर गौतम नगर या गौतमगढ़ किया जाए अथवा वंश के सुप्रसिद्ध ऋषि, 'श्रृंगी ऋषि' के नाम पर रखा जाए। यूं यह नाम इसके निमार्ता आजम खान के पिता के नाम पर 'विक्रमजीत नगर' या 'विक्रमाजीतगढ़' भी किया जा सकता है।

# ममता का कत्ल! यह हैवानियत कहां से आ रही है?



मनोज कुमार अग्रवाल

अभी शनिवार को दिल्ली के मुंडका इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक महिला ने अपनी नौ दिन की मासूम बेटी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। 22 साल की आरोपी महिला ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह बच्ची नहीं चाहती थी, इसलिए उसने उसे मार दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पिछले कुछ महीनों में नजर डालें तो लगातार एक के बाद एक ऐसी वारदातों की झड़ी लगी है जिनमें स्वयं माता या पिता ने अपने ही कुलदीपकों को बुझा दिया और उनके खून से हाथ रंग लिए।

आपको कुछ ऐसी ही दिल दहलाने वाली वारदातों का हवाला देते हैं बीती 24 अप्रैल यूपी के अलीगढ़ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई ।जहां एक मां ने अपने दो मासूम बेटों को जहर देकर मार डाला। वहीं,खुद भी जहर खाकर जान देने का प्रयास किया लेकिन वह बच गई।उसकी हालत गंभीर बनी थी । उसे एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एक बच्चे के शव को पुलिस नेपोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं तीन माह के बच्चे का शव परिजनोंने दफना दिया। परिजन इस घटना को छिपा रहे थे लेकिन पुलिस को जानकारी मिल गई।

वहीं 26 मई को मुंबई के मेघवाड़ी से दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई , जहां 15 महीने के एक बच्चे को पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी गई है। मेघवाड़ी पुलिस ने एक कपल को गिरफ्तार कर लिया है जो लिव इन रिलेशनशीप में रह रहा था। पुलिस ने 15 महीने के बच्चे की हत्या और अपहरण के आरोप में दोनों को गिरफ्तार किया । कोर्ट ने दोनों अभिभावकों को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मृतक की पहचान राजेश राणा 28 साल और बच्चे की मां रिंकी दास 23 साल की है। मूल रूप से दोनों ओडिसा के निवासी हैं।

आपको याद होगा कि 10 जनवरी24 को बेहद सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ था बेंगलुरु की एआई डेटा वैज्ञानिक सूचना सेठ पर उत्तरी गोवा के एक होटल में अपने चार वर्षीय बेटे की हत्या कर दी । उसने पिछले साल अगस्त में अपने पति और बच्चे के पिता पीआर वेंकट रमन के खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। पिता ने अदालत में दंपति की तलाक की कार्यवाही के दौरान लगाए गए आरोपों से इनकार किया था।

4 अप्रेल यमुनानगर के एक इलाके में एक महिला ने कथित तौर पर अपने एक महीने के बेटे की हत्या कर दी। नवजात का शव यमुनानगर की शिवपुरी-बी कॉलोनी स्थित महिला के घर में पड़ा मिला। गांधी नगर पुलिस ने कहा कि बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम आज मुकंद लाल जिला सिविल अस्पताल, यमुनानगर में किया गया।

9 अप्रेल को रायगढ़ में एक विवाहिता ने पांच और 3 साल के दो बच्चों को मार डाला। 10 दिन बाद पुलिस ने मां को पकड़ा, बोली- 'प्रेमी के लिए किया'

रायगढ़ पुलिस ने एक 25 साल की महिला को गिरफ्तार किया। महिला ने हत्या की बात कबूल की।

28 जून औरैया जिले में एक महिला ने अपने 3 बच्चों की हत्या कर दी।




इस मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी महिला के चचेरे देवर से संबंध थे। देवर ने उन्हें स्वीकार करने और खर्चा उठाने से मना कर दिया गया था। इस वजह से महिला अपने 4 बच्चों को लेकर नदी किनारे पहुंचीं और 2 को पानी में डुबोकर गला दबाकर की हत्या कर दी। तीसरे छोटे बच्चे को पानी में फेंक दिया था। इस वजह से 3 बच्चों की मौत हो गई थी। लेकिन चौथे बच्चे ने मरने का नाटक करते हुए अपनी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 3 बच?चों की हत्यारिन मां और उसके चचेरे देवर को गिरफ्तार किया ।

26 जून पिता के लिए उसका बच्चा कलेजे का टुकड़ा होता है बिहार के पटना में एक पिता ने अपने ही दो साल के बेटे की हत्या करने के बाद शव को घर से दूर फेंक दिया. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने बच्चे का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इसके साथ ही बच्चे की मां के बयान पर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया।

हाल ही में 10 जुलाई को दिल्ली पुलिस ने दो मासूम नवजात बच्चियों की हत्या मामले में फरार चल रहे पिता को गिरफ्तार किया है. घटना का पता तब चला था जब आरोपी का साला उनके घर आया. आरोपी की पत्नी उस वक्त मायके में थी. उसे भनक भी नहीं थी कि उसके पति ने बड़ी ही बेरहमी से अपनी दो बेटियों को मार डाला. आरोपी पिता बच्चियों को मार डालना चाहता था. इसलिए उसने बच्चियों को दो दिन तक दूध की बूंध भी नहीं पिलाई. भूखे रहने के कारण मासूमों की मौत हो गई. चुपचाप दोनों बच्चियों के शवों को दफना दिया। साले को जीजा पर शक हुआ. उसने पुलिस को इस बारे में बताया. तब पुलिस ने आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया. उन्होंने सारा राज उगल दिया. बताया कि उनका बेटा नीरज सोलंकी दोनों बच्चियों के पैदा होने से नाखुश था. वह बेटा चाहता था. इसलिए वो पहले हरियाणा के रोहतक गया. वहां उसकी पत्नी पूजा का मायका है. नीरज के साथ उसकी मां और बहन भी गई। वो लोग वहां से दोनों बच्चियों को दिल्ली ले आए. पूजा वहीं मायके में ही रही. लेकिन यहां आकर नीरज ने दो दिन तक दोनों नवजात बच्चियों को भूखा प्यासा रख मार दिया। इसी साल 25 जनवरी को हरिद्वार में हर की पैड़ी पर तंत्र-मंत्र के चक्कर में फंसकर एक मां ही अपने बच्चे की हत्यारिन बन गई है। इस खबर को सुनकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। एक तांत्रिक के चक्कर में पड़कर एक मां ने गंगा में डुबोकर अपने बच्चे को ही मार डाला। तांत्रिक ने कहा था हरिद्वार में गंगा की लहरों में बच्चे को डुबकी लगवाने से बच्चे का ब्लड कैंसर ठीक हो जाएगा। मां ने तांत्रिक की बात सुनी और बच्चे को हरिद्वार में गंगा की डुबकी लगाने लगी जिससे बच्चे की मौत हो गई। ये सारी वारदात समाज में बढ़ते व्यभिचार हिंसा और अपनी ही संतान से खत्म हो रही ममता को बयान कर रहीं हैं वहीं कलियुग में इंसान के भीतर पनप रही हैवानियत और पाशविकता का भी जीता जागता उदाहरण हैं।सबसे दुखद पहलू यह है कि अपने ही जिगर के टुकड़ों की हत्या कर उनके खून से हाथ रंगने वाले लोग एक संपन्न सीईओ से लेकर शिक्षित और सम्पन्न होने के बावजूद ऐसे घृणित अपराध को अंजाम दे रहे हैं। यदि एक शिक्षित उच्च या मध्यम वर्गीय जीवन शैली में रहने वाले परिवार के लोग मासूमों का इस बेदर्दी से कत्ल कर रहे हैं तो यह अशिक्षित या टोने-टोटके को मानने वाले पिछड़े समाज के किसी सदस्य के द्वारा किए गए इस तरह के अपराध से अधिक संगीन और वीभत्स हो जाता है। इस सबके बावजूद ऐसी वारदातों की लंबी श्रृंखला है और यह लगातार बढ़ रही है अपनी ही संतान का कत्ल करने की इस मानसिकता के पनपने के पीछे कौन से घटक जिम्मेदार है? एक पशु पक्षी भी अपने अबोध बच्चों की दाना पानी और सुरक्षा करता है लेकिन विकास विज्ञान प्रौद्योगिकी और तकनीक के तमाम संसाधन जुटाने के बाद भी इंसान इस तरह हिंसक क्यों हो रहा है? ज्यादातर घटनाओं के लिए आकस्मिक उत्तेजना, विवाहेत्तर संबंध,पति-पत्नी के बीच अविश्वास,झगड़े व अंधविश्वास और अवसाद, मानसिक तनाव, नशा और हिंसक व पौर्न फिल्म देखना आदि जिम्मेवार है। सवाल यह है कि आखिर हम यह कैसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जिसमें एक सामान्य परिवार के युवा पति पत्नी अपनी ही संतान की जान लेने से भी नही चूकते। ऐसा वातावरण कैसे निर्मित हो रहा है। तमाम धार्मिक प्रवचन मंदिर मस्जिद गुरूद्वारा चर्च व धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में संस्कार व सदाचार की शिक्षा के बावजूद हमारे समाज में यह पतन का सिलसिला जारी है। यह समाज शास्त्रियों के लिए भी घोर चिंतन और चिंता का विषय बना हुआ है। क्योंकि इस तरह के अपराध हमारे तमाम मानवीय मूल्यों पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## न्यूट अपडेट

## धनावता में प्राचीन शिव मंदिर साढे सोलह सौ वर्ष पहले नाम पड़ा खानेश्वर



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** उदयपुरवाटी कस्बे से सैकड़ों वर्षो पहले आबाद धनावता गांव में भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है जो खानेश्वर धाम के नाम से प्रसिद्ध है। शिव मंदिर के पास स्थित काली डूंगरी में तांबा निकालने के लिए 52 खदाने थी। ये खदाने साढे सोलह सौ वर्ष पहले ढह गई थी। उसके बाद से ही धनावता में स्थित भगवान शिव के मंदिर को खानेश्वर के नाम से जाना जाता है। खानेश्वर धाम में भगवान शिव की सेवा में मंदिर के पूजारी शंकरदास के अनुसार माता सती के योगाग्नि से अपने शरीर को भस्म करने के बाद माता पार्वती से विवाह से पहले भगवान शिव ने यहां आराधना की थी। 12 ज्योतिर्लिंगों की तरह खानेश्वर में भी माता पार्वती और कार्तिक की कोई प्रतिमा नहीं है। मंदिर में शिवलिंग साथ शेषनाग, नंदी और गणेश की प्रतिमा विराजमान है। खानेश्वर का शिवलिंग कितना प्राचीन है। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि शिवलिंग पर टपकने वाली पानी बूंदों से शिवलिंग में तीन इंच गहरा गड्ढा हो गया है। साढे सोलह सौ वर्ष पूर्व पास में स्थित काली डूंगरी में खाने ढह जाने के बाद से ही शिव मंदिर को खानेश्वर नाम से जाना जा रहा है। खानेश्वर शिवमंदिर सतयुग काल से होने से शिव भक्तों में गहरी आस्था है। धनावता में स्थित शिव मंदिर खानेश्वर प्राचीन होने पर दो साल पहले प्रवासियों, स्थानीय लोगों के सहयोग से सवा करोड़ की लागत से मंदिर का जीर्णोधार करवाया गया। मंदिर परिसर में पार्क विकसित कर ओपन जीम लगाई गई है। अरावली की पहाडि़यों की गोद में स्थित खानेश्वर धाम जीर्णोधार के बाद एक नए स्वरूप में नजर रहा है।

## सार्थक पहल: जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बसेड़ी। अग्रसेन नवयुवक मंडल बसेड़ी द्वाराअखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश सचिव व समाजसेवी रवि गोयल दौपुरा वालो के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उपखंड कार्यालय परिसर में पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसेड़ी एसडीएम दिनेश शर्मा व विशिष्ठ अतिथि विकासअधिकारी बाबूलाल मीणा व प्रशासनिक अधिकारी ऋतुराज शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवयुवक मंडल अध्यक्ष हेमंत बंसल ने की। उपस्थित अतिथियों व मंडल सदस्यो ने अपने अपने हाथो से बेलपत्र, समी, पीपल, नीम, नींबू सहित कई फलदार व छायादार पेड़ पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम दिनेश शर्मा ने अग्रसेन नवयुवक मंडल द्वारा समाजसेवी रवि गोयल के जन्मदिन पर पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। क्षेत्र को हरा भरा एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए विशेष आयोजनों जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाठ व पुण्यतिथि के अवसर पर एवं वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधारोपण कर शहर को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। विकास अधिकारी बाबूलाल मीणा ने अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपने आसपास पेड़ पौधे अवशय लगाये। जिससे हरियाली तो रहती है। वही हमें जीवन दाहिनी वायु भी इन्हीं पेड़ पौधों से मिलती है। इसलिए हमें पेड़ अवशय लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल भी समय-समय पर करनी चाहिए।जिससे कि वह अच्छे से बड़ा हो सके। और कहा कि आगामी 7 अगस्त को हरियालो राजस्थान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जायेंगे जिसमे आमजन अपनी भागीदारी निभाएं युवाध्यक्ष हेमंत बंसल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा अवशय लगाए व उसकी संभाल करे। आज का स्वार्थी मानव पेड़ तो काटता गया, लेकिन पेड़ लगाना भूल गया। इससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या आज बहुत उग्र हो गई है। पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए नवयुवक मंडल द्वारा पौधारोपण की मुहिम चलाई जा रही है। इस मौके पर अध्यक्ष हेमंत बंसल, रवि गोयल दौपुरा वाले, विपुल गर्ग, विनय सिंघल, निखिल गोयल, जितेंद्र गर्ग सहित नगरपालिका के कार्यवाहक जमादार सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत रेल्वे ने किया पौधों का वृक्षारोपण

**चमकता राजस्थान, आगरा (संवाददाता)।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में आज दिनांक 29 जुलाई 24 को कम्युनिटी हॉल आगरा में ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा हेतु संकल्प लिया गया। एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री के आ''ान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर में वृक्षारोपण अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' शुरू किया गया है। आगरा मंडल में सभी स्टेशनो पर इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने अपील भी कि है की सभी अपने घर के पास एक पेड़ जरूर लगाये और पर्यावरण को संरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें। हम सब देख रहे है कि प्रत्येक वर्ष तापमान में वृद्धि हो रही है ! जिसका मुख्य कारण पर्यावरण में असंतुलन है इसलिये हम सबकी जबावदेही बनती है ! कि हम कम से कम एक वृक्ष लगाये तथा आने वाली पीढ़ी को भी इस अभियान से जोडे। यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर उसकी देखभाल कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें उन्होंने बताया कि एक पेड़ मॉ के नाम अभियान का मुख्य उद्देशय हमारे वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध रखना है तथा प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना है ताकि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण अशुद्ध होते वातावरण से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे अनुकूल बनाया जा सके वृक्षारोपण अभियान में रेल्वे अधिकारी और कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और वृक्षारोपण कर वृक्ष के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में आज दिनांकः- 29 जुलाई 24 को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय



सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। जेल में उपलब्ध विडियों कॉन्फ्रेंन्सिग सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवशयक निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर को भिजवाएं जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## एससी एसटी एक्ट में 9 माह से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, भुसावर (राजवीर सिंह)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा सामाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं एरिया डोमिनेशन के तहत महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस एवं पुलिस अधीक्षक जिला भरतपुर मृदुल कच्छावा आईपीएस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया दिनांक 28.7.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जय नारायण मीणा व सीओ भुसावर धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा एवं भूर सिंह हेड कांस्टेबल 1885 के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर थाने के प्रकरण संख्या 627/ 2023 धारा 323,341,325,34 आईपीसी व एससी/एसटी एक्ट में 9 माह से वांछित मुल्जिम रामसजन गुर्जर पुत्र संपतराम जाति गुर्जर उम्र 32 साल निवासी नरहरपुर थाना भुसावर जिला भरतपुर को शिवदासपुरा जयपुर से दस्तयाब किया गया मुलजिम रामसजन का सीओ भुसावर धर्मेंद्र शर्मा द्वारा गिरफ्तार किया गया जिसे सोमवार को माननीय न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट भरतपुर में पेश किया गया।

## झुग्गी झोपड़ियों में बांटी भोजन सामग्री




**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी / गुढ़ागौड़जी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में सोमवार को लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से झुग्गी झोपड़ियों व कच्ची बस्तियों में रहने वाले परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए। ट्रस्ट कि सहप्रभारी तनु सांखला ने बताया कि श्रावण मास में जरूरतमंद लोगों को भोजन खिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। इसलिए ट्रस्ट ने अपने अभियान कोई भूखा न सोए के तहत जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर बलवीर मांठ ट्रस्ट प्रभारी दिनेश सांखला, अध्यक्ष अंकित गुप्ता, उपाध्यक्ष हरिराम सैन,समीर आदि मौजूद रहे।

## दलित अधिकार केंद्र के तत्वाधान मे विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** कार्यकर्ताओं जिला स्तरीय जागरूकता शिविर कोठी रोजविला पैलेसए भरतपुर में हुआ संपन्न। दलित अधिकार केन्द्र के तत्वाधान में अनुसूचित जाति जनजाति विकास निधि योजनाए आवंटन एवं वित्तीय संसाधनों का उपयोगद्ध अधिनियम 2022 पर कोठी रोजविला पैलेसए भरतपुर में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

केंद्र के जिला समन्वयक लालाराम भड़ाना ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं परिचय करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। केन्द्र के मुख्य कार्यकारी एडवोकेट हेमन्त मीमरोठ ने केन्द्र का परिचय देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और केन्द्र द्वारा उठाए गए मुद्दोंए सफलताओं व राजस्थान में



दलित आन्दोलन बारे में विस्तार पूर्वक बताया। केन्द्र के निदेशक एडवोकेट सतीश कुमार ने अनुसूचित जाति जनजाति विकास निधि ;योजनाए आवंटन एवं वित्तीय संसाधनों का उपयोगद्ध अधिनियम 2022 पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में एससी की 18 एवं एसटी की 14 प्रतिशत जनसंख्या है किंतु उनके अनुपात में बजट का आवंटन नहीं होता है जिसके कारण इस अधिनियम की आवशयकता पड़ी। इस प्रकार का कानून पूर्व में आंध्र प्रदेशए तेलंगानाए कर्नाटक तथा उत्तराखंड में बना इसके बाद काफी संघर्ष एवं प्रयासों के बाद यह कानून राजस्थान में बना है। शैलेष गौतम जिला समन्वयक अलवर ने प्रथम सत्र के मंच का संचालन करते हुए कानून की आवशयकताए उपयोगिता तथा उसके महत्व के बारे में बताया। कमल सिंह व केदार सिंह सामाजिक कार्यकर्ताए भरतपुर ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने तथा भेदभाव को दूर करने पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में खुशबू सोलंकी राज्य समन्वयकए दलित अधिकार केन्द्र ने मंच का संचालन करते हुए महिला अत्याचारों पर चर्चा की। कश्मीरा सिंह राज्य समन्वयकए दलित महिला मंच ने जेंडर बजट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। एडवोकेट सुनीता देवी बैरवा जिला समन्वयकए दौसा ने अनुसूचित जाति उपयोजना एवं अनुसूचित जनजाति उप योजना के बारे में चर्चा करते हुए लैंगिक भेदभाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर विभिन्न ब्लॉकों से करीब 80 महिला पुरुषों ने भाग लिया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर अजाक कर्मचारी एसोसिएशन ने जिला जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में आज दिनांक :-29 जुलाई24 को शाखा धौलपुर के द्वारा सलूंबर जिले के जावर थाना क्षेत्र के ग्राम अदिवासी में अनुसूचित जाति के शंकर लाल मेघवाल शिक्षक पर असामाजिक तत्वों द्वारा तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या करने के विरोध में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपा गया है !जिसमें एसोसिएशन इस घटना की घोर निंदा करता है ऐसी जघन्य घटना होने के उपरांत भी स्थानीय पुलिस का एक घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची इससे बड़ी लापरवाही और क्या हो सकती है, अजाक इस लापरवाही की भी घोर निंदा करता है इस अपराध में शामिल सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाए, यह घटना राज्य के लिए बेहद शर्मनाक है, आये दिन राजस्थान में अनुसूचित जाति समुदाय के विरुद्ध अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार,



हत्याएँ, एवं जातिगत भेदभाव की घटनाएं हो रही है, सरकार से मांग है कि इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाऐं ! इस अवसर पर राजवीर पहाडिया, जलसिंह, रामनाथ मेहरा, भगवानदास, कप्तान सिंह, पप्पू सोनी, प्रहलाद रजक, अशोक कोठारी, मांगीलाल आर्य, शयाम सिंह, अरविंद रजक, अजय विलोनिया, डॉ. मुकेश कुमार, महेन्द्र सिंह, सुरेश चंद मनिया, भगवान दास अध्यापक, सुभाष सोनी, विशम्बर दयाल रि. हैड कानि , रामवीर सिंह शा. शि, राजकुमार सोनी, आदि लोग उपस्थित रहे हैद्ध।

## राशन डीलर संघ ने लिया फैसला, एक अगस्त से नही होगा राशन वितरण

चमकता राजस्थान



**नदबई (राजवीर सिंह)।** कस्बे के निजी मैरिज होम में संघ अध्यक्ष के.पी.भगौर की अध्यक्षता में राशन डीलर संघ सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें राशन डीलर संघ ने अनदेखी का आरोप लगाते हुए सात सूत्रीय मांग पूर्ण नही होने व ३१ जुलाई तक मांग पूर्ण नही होने पर एक अगस्त से राशन डीलर वितरण का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। बाद में राशन डीलर सदस्यों ने संघ अध्यक्ष को पोश मशीन जमा करा दी। इससे पहले राशन डीलर संघ सदस्यों ने राशन विक्रेताओं को तीस हजार प्रति माह मानदेय, गेहूं पर दो प्रतिशत छीजत, गत छह माह का बकाया कमीशन देने, आधार व जनाधार कॉर्ड सीडिंग व केबाईसी के कार्यो की मजदूरी मिलने की मांग करते हुए प्रदेश सरकार व प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। बाद में ३१ जुलाई तक मांग पूर्ण नही होने पर एक अगस्त से राशन सामग्री वितरण नही करने व पोश मशीन जमा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में हेमचंद गोयल, विष्णु सिंह, अनिल गर्ग, वेदप्रकाश खण्डेलवाल, प्रकाश चंद, देवेन्द्र सिंह, निरंजन सिंह, भगवान सिंह, गंभीर सिंह, सुनीश सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्यायों को लेकर संवाद संपन्न, संवाद में जुड़े गणमान्य नागरिक

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ( रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराने की उएएढ (सेंटर फॉर एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड पीपल) द्वारा धौलपुर सर्किल में पिछले चार साल से विद्युत उपभोक्ताओं के समस्यायों का अवलोकन किया जा रहा है ! जिससे सम्बंधित विभाग व आयोग (फ्एफ्ढ) को निराकरण हेतु अवगत करने हेतु, विद्युत संवाद हुआ, दिनांक 26-28 जुलाई 2024 तक धौलपुर जिले के विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं से संवाद किया गया! जिसमे शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ता शामिल थे। संवाद के दौरान निम्नलिखित मुख्य समस्याएं उपभोक्ताओं के द्वारा बताई गयीः गांव का विद्युतीकरण- बाड़ी उपखण्ड के 33/11 ङश सेवर जीएसएस क्षेत्र में अभी भी कई गाँव विद्युतीकरण के अभाव से जूझ रहे हैं! जैसे की खेररपुरा व पाली गांव में सेवर जीएसएस ढांचा व फीडर लाइन की अप्रयाप्त सुरक्षा- जीएसएस की बाउंड्री, व सुरक्षा की अनुपालना न होना, तथा झूलते तार, टेढ़े पोल व ट्रांसफार्मर की खराब व्यवस्था एक गंभीर समस्या है। गांव नरपुरा (बसई-सामंता फीडर) पुरानी छावनी जीएसएस) में अघोषित बिजली कटौती- उपभोक्ताओं को समय रहते बिजली कटौती की समस्या का सामना करना पड़ रहा है ! जिसकी



शिकायत करने पर कोई ठोस सुनवाई नहीं होती है ! इसके अतिरिक्त व्यवधान भी अत्यधिक है। गांव लालपुर (मरैना जीएसएस राजाखेड़ा उपखण्ड) में कृषि कनेक्शन में बिजली आपूर्ति की समस्या- लम्बे फीडर, लौ वोल्टेज (अत्यधिक कृषि कनेक्शन) व खराब फीडर प्रबंधन, विद्युत संवाद- उपभोक्ताओं और डिस्कॉम के बीच में संवाद में कमी, सक्रिय उपभोक्ताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह संभव है। धौलपुर जिले के उपभोक्ताओं के साथ संवाद व विद्युत ढाँचे की सुरक्षा सुधार से सम्बंधित तस्वीरें ! ललित कुमार एवं फ़राज़ अहमद, उएएढ (सेंटर फॉर एनर्जी,एनवायरनमेंट एंड पीपल) जयपुर सहयोगी संस्था राकेश परमार, सामाजिक विकास फाउंडेशन, धौलपुर रामदास तरुण, युवा चेतना समिति धौलपुर, राकेश कुमार, प्रभात संसथान, बाडी, बलवीर सिंह राणा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, धौलपुर, इस संवाद में गीता सिंह, राकेश पालीवाल, बलवीर सिंह राणा, राधा शर्मा, नीतू यादव, हरभान सिंह, रोहतान सिंह, मानसिंह आदि लोग मौजूद रहे !

## इको क्लब का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखंड में आज दिनाक :-29 जुलाई 24 को जिला कलेक्टर निधि बी टी ने बाड़ी के महाराणा प्रताप स्टेडियम के पार्क में किया, पोधारोंपण, साथ ही स्कूली बच्चे और शहर के गणमान्य नागरिकों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया, इको क्लब द्वारा पेड़ लगाने की मुहीम और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए, साथ ही हरियालो राजस्थान के तहत जिले में सभी के सहयोग से 15 लाख पौधारोपण के लक्ष्य की जानकारी दी, इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने ईको क्लब के पोस्टर का भी विमोचन किया! पर्यावरण बचाओ, पेड़ लगाओ, अभियान में जिला कलेक्टर निधि बी टी द्वारा महाराणा प्रताप स्टेडियम में बने पार्क में छायादार कई पौधे लगाए गए, इसी बीच नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा पर्यावरण के ऊपर अपनी - अपनी प्रतिक्रिया दी, हाथों में पेड़ पौधों की कट -आउट भी लेकर आए, छोटे- छोटे बच्चों के द्वारा पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ पर संदेश दिया ! धौलपुर जिला कलेक्टर श्री निधि बी टी, उपखंड अधिकारी बाड़ी राधेशयाम मीणा, तहसीलदार मोहमद हनीफ, डॉ. गोपाल गोयल पूर्व सीएमएचओ, डॉ. सुरेश बंसल, विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य गर्ल्स बाडी, प्रमोद मुद्गल पत्रकार, राजू शर्मा, राजकुमार शर्मा, रोहित वर्मा, रामदास तरुण, आदि पत्रकार बंधु, ऋषभ शर्मा, राधेशयाम भारद्वाज मार्केट, एसोसिएशन अध्यक्ष, रोहित मंगल सहित स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे एवं इको क्लब के तमाम सदस्य अवलोकन में मौजूद रहे, इस कार्यक्रम का मंच संचालन राम मुकुट गुर्जर द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा स्नान के दौरान दो छात्र डूबे, तैरकर बचाई जान

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज स्थित अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करने के दौरान दो छात्र डूब गए। जिसमें से एक छात्र किसी तरह तैरकर गंगा नदी से बाहर निकले और अपनी जान बचाई। दूसरा छात्र अभी भी लापता है। ग्रामीणों ने बताया कि सुलतानगंज के पटेल नगर गाँव के रहनेवाले अपने सहयोगी छात्र के साथ स्नान कर रहे थे। तभी गहरे पानी में चले जाने पर दो छात्र डुब गए। एक छात्र ने अपनी जान किसी तरह तैरकर बचा लिया। लापता छात्र करण कुमार पिता संजय ठाकुर (उम्र 20 साल) इंटर का छात्र है। वहीं तैरकर नदी से बाहर निकलने वाला छात्र छतिश कुमार पटेल नगर का रहनेवाला बताया जा रहा है। उधर घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस, नाविक और एसडीआरएफ की टीम पहुंची और लापता छात्र की खोजबीन में लग गई है। उधर घटना के बाद से पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

### बिहार के समस्तीपुर में कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी बिहार संपर्क क्रांति

**पटना।** बिहार में समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के खुदीराम बोस (पूसा रोड) स्टेशन के पास सोमवार को दरभंगा से नई दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इस घटना के बाद यात्रियों की सांसें हलक में अटक गईं। बताया जा रहा है कि संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन की कपलिंग टूटने के कारण ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इस घटना के बाद रेल यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दिया। खुदीराम बोस पूरा और कपूर्री ग्राम के बीच हुए इस हादसे के बाद ड्राइवर ने नजदीकी स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंची टेक्निकल टीम ने टूटे हुए कपलिंग को ठीक किया और गाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया। इसके बाद यात्रियों की जान में जान आई।

### कुल्टी में सड़क हादसा, एक की मौत

**कोलकाता।** आसनसोल के कुल्टी में सड़क हादसा, 1 की मौत। घटना सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर कुल्टी थाना के चौरंगी चौकी अंतर्गत लछमनपुर बजरंगबली चौराहे के सामने घटी। मृतक संजीत मुर्मू (24) लछमनपुर गांव का निवासी है। पता चला है कि इस दिन सड़क पार करते समय तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। युवक मौके पर ही गिर पड़ा। पुलिस ने घायल युवक को बचाया और आसनसोल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल लाने के बाद ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सिर्फ उस युवक को ही नहीं, कातिल कार ने एक और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार 2 लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बाद में पुलिस ने हत्यारी कार को रोक लिया। हादसे के बाद स्थानीय निवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 को करीब 30 मिनट तक जाम कर प्रदर्शन किया। बाद में चौरंगी चौकी व कुल्टी ट्रैफिक गार्ड के आश्वासन पर जाम हटाया गया।

### मां ओवरब्रीज में फिर हादसा, डिवाइडर से टकराकर पलटी कार



**कोलकाता।** मां ओवरब्रीज में फिर दुर्घटना। कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उस कार में दो यात्री सवार थे। लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। इस बात की जांच की जा रही है कि कार में सवार दोनों लोग नशे में थे या नहीं। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। साल्टलेक की ओर से एक कार आ रही थी। उस कार में सिर्फ दो लोग थे। कार मां ओवरब्रीज डिवाइडर से टकरा गई। कार पलट गयी। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

वाहन में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आईं। लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। सुबह के समय मा ओवरब्रीज में वाहनों का दबाव आमतौर पर कम रहता है। इसलिए ट्रैफिक जाम नहीं हुआ। हालांकि, खबर मिलते ही ट्रैफिक द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कार को हटाने की व्यवस्था की गई। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ओवरस्पीडिंग का कारण क्या है। इस बात की भी जांच की जाएगी कि कार में सवार दोनों लोग नशे के आदी थे या नहीं। मा ओवरब्रीज में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। नाका की जांच से लेकर स्पीडोमीटर तक कई कदम उठाए गए हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर हादसे क्यों हो रहे हैं, तेज रफ्तार वाहनों पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही है।

# कांग्रेस की वजह से राज्य को अब तक विशेष दर्जा नहीं मिला: चिराग

**केंद्र सरकार और नीति आयोग द्वारा विशेष दर्जे की मांग को खारिज किये जाने से बिहार के नीतीश कुमार नाराज है तो महज एक अफवाह है**



एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा है। चिराग ने कहा है कि कांग्रेस की वजह से राज्य को अब तक विशेष दर्जा नहीं मिला है। बिहार को विशेष दर्जा नहीं मिलने की वजह का जिक्र करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि विशेष दर्जे के प्रावधानों को पहले की सरकारों ने ही इस तरह का बना दिया था कि किसी भी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता। ऐसे में बिहार पर केंद्र की नजर है और हरसंभव मदद किया जाएगा। हमारी सरकार मजबूती के साथ सभी काम करेगी। इसकी मांग अभी भी जारी रहेगी। बजट पर चर्चा को लेकर सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर पहुंचे चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी हो या उनकी पार्टी हो हमलोग बिहार का विकास चाहते हैं। इस बार केंद्र सरकार ने बिहार और बिहारियों की बात सुनी है लेकिन अभी भी विशेष दर्जे की मांग जारी रहेगी और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा जरूर मिलेगा।

चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यह जो चर्चा चल रही है कि केंद्र सरकार और नीति आयोग द्वारा विशेष दर्जे की मांग को खारिज किये जाने से बिहार के सीएम नीतीश कुमार नाराज है तो महज एक अफवाह है। नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक में इस वजह से नहीं आए कि उनकी तबीयत फिलहाल ठीक नहीं है। विशेष दर्जे के बदले बजट में बिहार को मिले विशेष तरजीह के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल बिहार को जिस चीज की जरूरत है वह केंद्र के तरफ से दिया जा रहा है। जब इसका समय आएगा तो यह मांग भी किसी न तरीके से पूरी की जाएगी।

## तेजस्वी का दावा महज आंकड़ेबाजी: जदयू

एजेंसी

**पटना।** जदयू विधान पार्षद सह प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार और प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने अपराध को लेकर तेजस्वी यादव द्वारा पेश किये गये दावे को महज आंकड़ेबाजी बताया है और सही तरीके से तथ्यों की जांच कर आरोप लगाने की सलाह दी है। उन्होंने सोमवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में कोई भी अपराध कर कानून के हाथों बच नहीं सकता और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव पहली बार 21 महीने तक और फिर दूसरी बार 17 महीने तक सत्ता के भागीदार रहे और उस दौरान भी आपराधिक घटनाएं होती थी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी होती थी। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता में कुल 38 महीने तक भागीदार रहते उनका ट्विटर मौन क्यों हो जाता था? साथ ही सत्ता में भागीदार रहते अपराध के खिलाफ हुई कार्रवाई की सच्चाई से उन्होंने अपनी आखें बंद कर ली थी क्या? पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि तेजस्वी यादव अखबार की कतरनों के आधार पर राज्य में अपराध को लेकर फर्जी दावा करते हैं जबकि उनके किए दावों में कई घटनाएं घटित नहीं पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को आज जनता ने कतरन समझकर राजनीति के हाशिए पर ला खड़ा किया है। साथ ही कहा कि एनसीआरबी आंकड़ा 2022 के मुताबिक देशभर में अपराध दर की श्रेणी में बिहार का स्थान 21वां है लेकिन तेजस्वी यादव को ये अच्छी बातें दिखाई नहीं देती हैं।

## स्कूली छात्रा को दुष्कर्म व हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक की रिहाई में विरोध प्रदर्शन



संवाददाता

**कोलकाता।** स्कूली छात्रा को दुष्कर्म और हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक की रिहाई में विरोध प्रदर्शन। मालदह-नालागोला राज्य मार्ग अवरुद्ध। काफी देर तक टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन चलता रहा। स्वाभाविक रूप से यातायात बाधित हुआ। वही नाबालिग बुलबुलचंडी, हबीबपुर, मालदा का रहने वाली है। 19 जुलाई को आठवीं कक्षा के छात्रा का शव घर की बालकनी से बरामद हुआ था। आरोपी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि घटना के वक्त उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। वे एक मेले में आइसक्रीम बेचने गये थे। नाबालिग अपने छोटे भाई के साथ घर पर अकेली थी। आरोप है कि उसी वक्त नाबालिग की हत्या कर दी गई। पुलिस की पूछताछ में युवक ने हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दोनों के बीच प्रेम संबंध था। लेकिन अचानक नाबालिग रिश्ते से बाहर निकलने की कोशिश की। आरोप है कि तभी से नाबालिग युवक को दुष्कर्म के लिए ब्लैकमेल कर रही थी। नाबालिग ने युवक को धमकी देते हुए कहा कि वह रेप का केस दर्ज कराएगी। इसी डर से युवक ने नाबालिग की हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने यही बताया। मुख्य आरोपी नाबालिग स्कूली छात्रा से बलात्कार और हत्या के आरोप में जेल की हिरासत में। गिरफ्तार युवक के एक दोस्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवक को छोड़ दिया। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को मालदह-नालागोला राज्य मार्ग को जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

# 'बांग्ला हितों से समझौता नहीं', तीस्ता समझौते पर फिर बोलीं ममता बनर्जी



संवाददाता

**कोलकाता।** नीति आयोग की बैठक में ममता बनर्जी की आवाज दबाने की कोशिश पर विधानसभा में हंगामा जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री सत्र में शामिल हुए। भारत-भूटान संयुक्त नदी आयोग और बंगाल की जल वितरण नीति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बंगाल के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई।

ममता ने कहा, "बांग्ला एक नदी तटीय राज्य है। इसकी सीमा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश से लगती है। वे सभी हमारे साथ हैं। उनका पानी हमारे अंदर गिरता है। हमें नाव की तरह तैरना है। विधानसभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिंचाई मंत्रालय से मुलाकात की। ये मैंने खुद कहा था। दिल्ली से 160 टीमें भेजी गई हैं। लेकिन उन्होंने 100 दिन के काम का भुगतान नहीं किया। इससे पहले टीम में मानस भुईया के नेतृत्व में की गयी थी। चलो एक और पार्टी करते हैं।₹

ममता ने शोवनदेव चट्टोपाध्याय को इस प्रस्ताव की एक प्रति केंद्रीय मंत्रालय को भेजने का निर्देश दिया। बाढ़ पर चिंता जताने पर ममता ने डीवीसी पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि बंगाल में, खासकर अन्य राज्यों की तुलना में, 43 फीसदी बाढ़ आती है। यह नियमित हो गया है। उत्तर बंगाल हर बार सह रहा है। 15 साल तक केंद्र ने बंगाल का हिस्सा लिया। लेकिन देखो मत। बांकुरा, नादिया, हुगली बह गए हैं। यह केंद्र के बारे में है। उन्हें देखना चाहिए। और जब से बीजेपी आई है उन्होंने सब कुछ बंद कर दिया है। डीवीसी पानी छोड़ने से पहले कभी नहीं कहता। मैंने कई बार चिट्ठी लिखा है। मैं सिद्धांततः यह कहने आया हूं। इससे पहले मैं बांग्लादेश को फरक्का, तीस्ता के संबंध में कई पत्र दे चुका हूं। अपने पत्र प्रस्तुत किये। इस बार हमें पैसे नहीं मिले। हमारे पड़ोसियों को यह मिल गया। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि बंगाल वंचित क्यों है।ह्व

उन्होंने आगे कहा, ह्लड्रेजिंग करने पर डीवीसी 3 लाख मीट्रिक टन पानी जमा कर सकता है। वे नहीं करते। यदि पानी बढ़े तो 10 क्यूसेक के लिए छोड़ दें। 100 क्यूसेक किए बिना ही यह पूरी तरह से हार मान लेता है। मैंने कुछ चेक डैम बनाए। जल धरो, जल भोरो परियोजना में तालाब को काट दिया गया है। कुछ समाधान हुए हैं। मैंने लोअर दामोदर का 2 हजार 232 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट लिया है। हालांकि, डीवीसी की भंडारण क्षमता बढ़ाये बिना इसका फायदा नहीं होगा। हम पंचेत, मैथन में ड्रेजिंग की मांग करते हैं। मैंने सुना है कि डीवीसी निजीकरण का प्रयास कर रहा है। किसी दिन देश का निजीकरण हो जाएगा। सोचा गोसाबा फैलने से सुंदरवन को काफी नुकसान हो रहा है। कपिलमुनि के आश्रम को भी क्षति रोकी नहीं जा सकती। मैं पहले ही कह चुका हूं कि सुंदरवन के लिए एक मास्टर प्लान बनाया जाना चाहिए।

घाटल मास्टर प्लान कब से लटका हुआ है? इसका कार्यालय बिहार चला गया है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ तस्करी से 353 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार



एजेंसी

**अररिया ।** भारत नेपाल सरहद की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 56वीं वाहिनी की ओर से नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे नौ काले रंग के बारे में बंद 353 किलो गांजा बरामद किया गया।एसएसबी ने यह कार्रवाई मध्य रात्रि गुप्त सूचना पर बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर धत्ता टोला वार्ड संख्या 14 में की।सोमवार दोपहर एसएसबी 56 वीं वाहिनी की ओर से यह जानकारी देते हुए बथनाहा थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 83/24 दिनांक 29 जुलाई 2024 एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कराई गई।मामले में एसएसबी ने दो तस्करों को पकड़ा था, जिससे पूछताछ के बाद एसएसबी ने बथनाहा थाना पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए तस्करों में बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर वार्ड संख्या 16 के 45 वर्षीय मो. हारून पिता -स्व.मो.नाजिर और दूसरा फुलकहा थाना क्षेत्र के भंगही डुमरिया गांव के 22 वर्षीय पंकज बहरदार पिता -बैजनाथ बहरदार है।बथनाहा थाना में एसएसबी की ओर से कराए गए एफआईआर में एसएसबी के अधिकारी चैना राम ने बताया कि बीती रात नेपाल से गांजा तस्करी होने की गुप्त सूचना मिली थी।जिसके बाद 12 की टीम बनाकर अभियान में लगा गया था। इसी कड़ी में रात्रि करीबन नेपाल से भारत की ओर से गांजा की काले प्लास्टिक की थैली लाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पर लादा जा रहा था।इसी कड़ी में एसएसबी को देख ट्रैक्टर लेकर तस्कर भागने लगा और भागने के क्रम में बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर धत्ता टोला वार्ड संख्या 14 में मो.यूनुस शेख के दरवाजे पर रखे पुआल से ट्रैक्टर टकरा गया।जिससे चालक मौके से फरार हो गए।इसी दौरान तस्कर पंकज बहरदार ट्रैक्टर से गिरकर अपना सर फोड़वा बैठा।

### मछली पकड़ने के दौरान ट्रॉलर पलटने से सुंदरबन के मछुआरे लापता

**कोलकाता।** सुंदरबन के चार मछुआरों की ट्रॉलर समुद्र की तेज लहरों में पलट गई। उनमें से तीन को बचा लिया गया लेकिन 1 अभी भी लापता है। काकद्वीप मछुआरा कल्याण संघ ने उसकी गहरे समुद्र में तलाश शुरू कर दी है। मामला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है। पता चला है कि ट्रॉलर एफबी मा अष्टमी पिछले सप्ताह कुलतली के शांकीजहान से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था। एफबी मा अष्टमी नाम का ट्रॉलर शनिवार तड़के केंडो द्वीप के पास जाल से मछली पकड़ रहा था। उस समय समुद्र (बंगाल की खाड़ी) में तूफानी लहर चल रही थी। तभी ट्रॉलर पलट गया। ट्रॉलर से सभी चार मछुआरे अपना संतुलन खोने के बाद समुद्र में गिर गए। पास में मछली पकड़ रहे अन्य ट्रॉलर के मछुआरों ने इस घटना को देखा। वे तुरंत खतरे में पड़े ट्रॉलर की ओर दौड़ पड़े।

## 24 घंटे के अन्दर लूटकांड का उद्भेदन, हथियार के साथ एक गिरफ्तार



एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के शाहकुंड थाना अंतर्गत हुए लूट कांड का पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने लूटी गई मोबाईल, लोडेड देशी कट्टा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को विधि व्यवस्था डीएसपी चन्द्रभूषण ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। डीएसपी ने बताया कि 28 जुलाई को शाहकुंड थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बा मदरसा के पास अज्ञात बाईक सवार अपराधकर्मियों द्वारा लूट की घटना (पैसा एवं मोबाईल) का अंजाम दिया गया। इस संबंध में शाहकुंड थाना में सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत किया गया। पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के निदेर्शानुसार थानाध्यक्ष शाहकुंड अपने दल-बल के साथ कांड में अनुसंधान एवं छापेमारी के लिए प्रस्थान किये। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर किरणपुर में शशिभूषण के घर पर छापेमारी किया गया जहां से लूटी गई मोबाईल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया तथा शशिभूषण को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जयनाथ शरण थानाध्यक्ष शाहकुंड, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, देवकरण सिंह, दिव्या कुमारी और सशस्त्र बल, शाहकुंड थाना शामिल थे।

**बिहार** जिले में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी

# परीक्षा के सैकड़ों मूल प्रवेश पत्र शिक्षा विभाग के कूड़े से हुआ बरामद



एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। नियोजित शिक्षकों को जिस दस्तावेज के आधार पर राज्यकर्मी का दर्जा मिलना है, वो दस्तावेज शिक्षा विभाग के कूड़े से बरामद हुआ। दरअसल, जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा के सैकड़ों मूल प्रवेश पत्र गायब थे, जो रोलबाग स्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना वन के कार्यालय के पुराने भवन के कूड़े में पड़ा मिला। खोजबीन के क्रम में 550 से अधिक नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश पत्र बरामद हुआ। गौर करे कि शिक्षा विभाग ने फरवरी 2024 में सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया था। परीक्षा में सफल हुए नियोजित शिक्षकों का मार्च माह में वेरिफिकेशन के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन के कार्यालय में सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश पत्र बीआरसी के लिपिकों के माध्यम से जमा लिया गया था, जो जांच के बाद शिक्षकों को वापस किया जाना था। यह प्रवेश पत्र इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इस दस्तावेज के माध्यम से नियोजित शिक्षकों का नये ज़िलों में पदस्थापन होगा और इसके बाद उनको राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा। 01 अगस्त से सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों के लिये जिले में काउंसिलिंग होना है। नियोजित शिक्षकों को काउंसिलिंग में मूल प्रमाण-पत्र के साथ सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश-पत्र लाना भी अनिवार्य है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन कार्यालय में जमा शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा के मूल प्रवेश पत्रों को 20-22 जुलाई के बीच नियोजित शिक्षकों को वापस कर दिया गया लेकिन, ठाकुरगंज प्रखंड के शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण नहीं किया गया, क्योंकि उनलोगों का प्रवेश पत्र कार्यालय से गायब था। इसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नूपुर कुमारी ने आनन-फानन में ठाकुरगंज प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखा सहायक सुमित कुमार और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन कार्यालय के लिपिक साकेत सुमन के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यालय से गायब हुए प्रमाण-पत्रो को अविलंब उपलब्ध करवाने का आदेश दिया। नोटिस में उन दोनों लिपिकों के विरुद्ध एफआईआर तक करवाने की धमकी दी गई। नोटिस के बाद काफी खोज बीन के बाद ठाकुरगंज प्रखंड के लगभग 700 शिक्षकों का साक्षमता परीक्षा का प्रवेश पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी के पुराने कार्यालय में संरक्षित था, परंतु कार्यालय इंटर हाई स्कूल में स्थानांतरित होने के समय (शायद मार्च में) प्रवेश पत्र रखने का स्थान परिवर्तित हो गया था, सारा प्रवेश पत्र ऐसे अलमारी में मिला जहां रद्दी कागज रखा हुआ था। बहरहाल सभी प्रवेश पत्र मिल चुका है। अब शिक्षकों को काउंसलिंग में कोई कठिनाई नहीं होगी। संबंधित सहायक से ऐसी उदासीनता के लिए स्पष्टीकरण पूछा गया है। उक्त जानकारी डीपीआरओ किशनगंज कुंदन कुमार सिंह ने सोमवार को दी। गौर करे कि ठाकुरगंज के नियोजित शिक्षकों के लगभग 700 मूल प्रवेश प्रमाण पत्रों में से लगभग 630 प्रमाण-पत्र मिले हैं, जबकि 70 से अधिक प्रमाणपत्र गायब थे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नूपुर कुमारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि एक प्रखंड का फाइल कार्यालय से गायब था जब उनके द्वारा नोटिस जारी किया गया तो फाइल मिल गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल शिक्षकों को उसका प्रमाण-पत्र वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लापरवाह क्लर्क के खिलाफ नोटिस भी जारी किया गया है, आगे जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी की जायेगी।

## 7 वर्षो से प्रत्येक सावन मास में सेवा कर रही है वीर शिवाजी सेना



एजेंसी

**किशनगंज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र सावन मास की दूसरी सोमवारी को बाबा भूतनाथ गोशाला मंदिर प्रांगण में वीर शिवाजी सेना द्वारा आए हुए श्रृद्धालुओ को नींबू पानी शरबत सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिशिर कुमार दास ने श्रद्धालुओं के बीच शरबत वितरण कर किया। शिवभक्तो के सेवा मे लगे वीर शिवाजी सेना परिवार को बधाई देते हुए कहा कि वीर शिवाजी सेना बहुत अच्छे कार्य कर रही है बहुत अच्छा लगता है इन युवाओं को अच्छे सामाजिक कार्यों को देखते हुए। नगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने पवित्र सावन मास की दूसरी सोमवारी की बधाई देते हुए बताया कि लगातार पूरे सावन महीने के हर सोमवार को वीर शिवाजी सेना द्वारा बाबा भूतनाथ गोशाला मंदिर में सेवा शिविर सदस्यों की सहयोग से लगाया जाएगा। अध्यक्ष सुमित साहा, संगठन विस्तारक संतोष गुप्ता, इंद्रजीत चन्दन, खोगेस, गोलू, बिट्ठू, ललित सहित दर्जनों कार्यकर्ता सेवा शिविर में उपस्थित होकर इस सेवा शिविर को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग दे रहें थे।


# हॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती हैं तृप्ति



तृप्ति डिमरी इन दिनों बैड न्यूज फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में अभिनेत्री के प्रदर्शन को समीक्षकों और दर्शकों ने सराहा है। बैड न्यूज के प्रदर्शन ने तृप्ति डिमरी की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है। वे पहले से ही एनिमल की सफलता का लुत्फ उठा रही थीं, जिसके जरिए उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिला। लगातार दो बड़ी फिल्में करने के बाद अब तृप्ति की ख्वाहिशें और बड़ी हो गई हैं। वे अब अपने करियर में नए पंख जोड़ना चाहती हैं। दरअसल, तृप्ति डिमरी ने अब हॉलीवुड फिल्मों में जाने की इच्छा जताई है। तृप्ति डिमरी अब बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड फिल्मों में भी काम करना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री वर्तमान में पश्चिमी फिल्म उद्योगों में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं और वह किसी फिल्म में एक छोटा सा हिस्सा लेने के लिए भी तैयार हैं, जो उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। हाल ही में तृप्ति ने बैड न्यूज के प्रचार के दौरान खुलासा किया कि वे पश्चिमी परियोजनाओं के लिए ऑडिशन देने की योजना बना रही हैं और इसके लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, अगर मुझे कहीं एक छोटा सा किरदार भी मिल जाता है तो मुझे लगेगा कि यह वाकई मददगार होगा, क्योंकि मुझे वहां अभिनेताओं के काम करने का तरीका बहुत पसंद है। हाल ही में तृप्ति ने बैड न्यूज के प्रचार के दौरान खुलासा किया कि वे पश्चिमी परियोजनाओं के लिए ऑडिशन देने की योजना बना रही हैं और इसके लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, अगर मुझे कहीं एक छोटा सा किरदार भी मिल जाता है तो मुझे लगेगा कि यह वाकई मददगार होगा, क्योंकि मुझे वहां अभिनेताओं के काम करने का तरीका बहुत पसंद है। तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म के बारे में बात करें तो वे अगली बार भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। वे पहली बार इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। साथ ही इस फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी मुख्य भूमिका में होंगी। यह फिल्म इस साल रिलीज होगी।

# शूटिंग खत्म करने की कगार पर पहुंची ऋषभ शेट्टी की कांतारा 2

ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा को खास तौर पर पसंद आई थी। कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी कहानी के दम पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। फिल्म के हिट होने के बाद ही ऋषभ ने इसके अगले भाग की घोषणा कर दी थी, जो वास्तव में इस फिल्म का प्रीक्वल होगा। ऋषभ फिल्म के प्रीक्वल के लिए काफी तैयारियां कर रहे हैं। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने आई हैं। पिछले एक साल से टीम फिल्म पर तेजी से काम कर रही है। वास्तविक स्थानों और स्टूडियो सेटअप में बड़े पैमाने पर शूटिंग कर रही है। वहीं अब फिल्म की शूटिंग और इसकी रिलीज को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कांतारा 2 की आधी शूटिंग पूरी हो चुकी है। कांतारा 2 की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ऋषभ शेट्टी और उनकी टीम ने आउटडोर हिस्से को पूरा कर लिया है, अब केवल 15 से 20 दिन की इनडोर शूटिंग बाकी है। फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। वहीं फिल्म की रिलीज को लेकर चर्चा है कि होम्बले फिल्म्स और ऋषभ शेट्टी का लक्ष्य 2025 की गर्मियों में कांतारा 2 को बड़े पर्दे पर लाना है।




# तय समय पर रिलीज नहीं होगी यश की टॉक्सिक? इस वजह से फिल्म में हो रही देरी

साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। अब इस फिल्म की रिलीज को लेकर नई जानकारी सामने आई है। फिल्म को 10 अप्रैल 2025 को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जाना है। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि इस फिल्म की रिलीज में देरी हो सकती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर चर्चा है कि यश की टॉक्सिक अगले साल गर्मियों में रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में देश भर के कई सितारे एक साथ काम कर रहे हैं और निर्माता इसे बड़े पैमाने पर बना रहे हैं उनकी तारीखें मिलना एक बड़ी चुनौती है और इसलिए शेड्यूल उम्मीद से ज्यादा लंबा लग रहा है। इस वजह से टीम ने रिलीज की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही यह भी बताया गया कि फिल्म में बहुत सारे विजुअल इफेक्ट्स होंगे। हालांकि, नई रिलीज डेट का कोई जिक्र नहीं है। वहीं कथित तौर पर बहुभाषी और बड़े बजट की इस फिल्म में नयनतारा भी यश की बहन की भूमिका में होंगी और हुमा कुरैशी नकारात्मक किरदार में होंगी। ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में यश एक गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। दिसंबर 2023 में यश ने फिल्म का एलान एक प्रोमो साझा करके किया था। साथ ही उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा था, आप जो खोज रहे हैं, वह आपको खोज रहा है- रूमी वयस्कों के लिए एक परी कथा। फिल्म की शूटिंग साल के अंत एक जारी रहेगी।



# राजीव ने एक साल तक किया था इंतजार, मगर ठंडे बस्ते में चली गई थी भंसाली की चेनाब गांधी

पिछले दिनों हीरामंडी वेब सीरीज के चलते चर्चा में रहे निर्देशक और निर्माता संजय लीला भंसाली कई साल पहले एक बड़ी फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म का नाम था चेनाब गांधी, लेकिन यह फिल्म पूरी ही नहीं हो पाई। अब इस फिल्म को लेकर अभिनेता राजीव खंडेलवाल ने खुलकर बात की और अपने अनुभव को साझा किया। टेबल नंबर 21, शैतान और आमिर फिल्म में काम कर चुके अभिनेता राजीव खंडेलवाल चेनाब गांधी का हिस्सा थे। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान राजीव ने खुलासा किया कि संजय लीला भंसाली ने उन्हें इस फिल्म के लिए एक साल तक इंतजार कराया था। इसका निर्देशन करने की जिम्मेदारी विभु पुरी के कंधों पर थी। राजीव ने बताया कि उन्हें फिल्म में कास्ट कर लिया गया था, लेकिन उन्हें अंधेरे में रखा गया। चेनाब गांधी में राजीव खंडेलवाल के अलावा अमिताभ बच्चन और विद्या बालन भी अभिनय करने वाले थे। इसके लिए राजीव से यह भी कहा गया था कि वो कोई दूसरा प्रोजेक्ट न लें। राजीव इंतजार ही करते रह गए और फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। राजीव ने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट के दौरान साफ-साफ बातचीत किए जाने की उम्मीद थी। अभिनेता ने यह भी कहा कि उन्हें फिल्म बंद होने का दुख नहीं है। फिल्म किस वजह से अटकी रह गई इसके बारे में राजीव भी नहीं जानते हैं। उन्हें बस निर्देशक ने कह दिया था कि फिल्म नहीं बन रही और आप आगे बढ़ जाइए। राजीव ने अनुमान लगाते हुए कहा कि फिल्म बंद होने का कारण बजट या फिर कुछ और हो सकता है। राजीव इस फिल्म के लिए विद्या बालन के साथ पोस्टर की शूटिंग भी कर चुके थे।

# कल्कि के बाद राजा साहब से धमाल मचाने आ रहे हैं प्रभास

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी की ब्लॉकबस्टर सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस बीच प्रभास की आगामी फिल्म राजा साहब को लेकर एक अपडेट सामने आया है। मारुति द्वारा निर्देशित हॉरर-कॉमेडी फिल्म राजा साहब की पहली झलक प्रशंसक जल्द ही दिख सकेंगे। आप भी जानिए कि कब देख सकते हैं राजा साहब की पहली झलक। नोट कर लें समय और तारीख। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म राजा साहब के बारे में अपडेट देने में काफी समय लगा दिया है। इस बीच अब फिल्म मेकर्स ने राजा साहब की पहली झलक दिखाने का वादा करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक तस्वीर के साथ नोट भी साझा किया है, जिसमें उन्होंने फैन इंडिया झलक दिखाने का वादा किया है। प्रभास की आगामी फिल्म राजा साहब को लेकर जो पोस्ट किया गया है। उसमें लिखा है, फैन इंडिया झलक की पहली झलक कल शाम 5-03 बजे जारी की जाएगी। घोषणा पोस्टर में, प्रभास मैरून रंग का सूट पहने, लंबे बाल और करिश्माई चश्मा पहने और एक शानदार विंटेज कार की ओर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट के बाद प्रभास के प्रशंसक राजा साहब के इस नए लुक को देखकर अपनी राय सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। प्रभास की वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रभास कल्कि 2898 एडी की रिलीज के बाद कई प्रोजेक्ट्स पर लगातार काम कर रहे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सालार 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रभास की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं, जिनमें शामिल एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट, कल्कि 2, सालार 2 और राजा साहब शामिल हैं।



# राधिका आप्टे की फिल्म ट्रेन फ्रॉम छपरौला का बदला नाम

फैशन डिजाइनिंग की दुनिया का लोकप्रिय चेहरा बन चुके मनीष मल्होत्रा अब फिल्म निर्माण की दुनिया में कदम रख रहे हैं। सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर अपने प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 के जरिए फिल्म निर्माण में डेब्यू कर रहे हैं। बीते वर्ष सितंबर में उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस का एलान किया था। फिर अपनी पहली फिल्म का, लेकिन उसके नाम का एलान आज हुआ है। मनीष मल्होत्रा की फिल्म को अब तक ट्रेन फॉम छपरौला कहा जा रहा था, लेकिन आज इसे नाम मिल गया है।


## फिल्म को मिला नया टाइटल

स्टेज5 प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम हैंडल से आज एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें मनीष मल्होत्रा की पहली फिल्म का टाइटल बताया गया है। इस फिल्म का नाम साली मोहब्बत रखा गया है। स्टारकास्ट की तस्वीरों के साथ लिखा है, स्टेज5 प्रोडक्शन की आगामी फिल्म का नया नाम साली मोहब्बत है। पहले इसका नाम ट्रेन टू छपरौला था। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा, शरत सक्सेना और अनुराग कश्यप नजर आएंगे।

## अब परदे पर जादू रचेंगे मनीष

इस फिल्म का निर्देशन टिस्का चोपड़ा करने वाली हैं। वहीं फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो, स्टेज5 प्रोडक्शंस, के बैनर ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा करने वाले हैं। फैशन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष इस बार पर्दे पर क्या जादू रचते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। बीते वर्ष अक्तूबर में इस फिल्म की शूटिंग पूरी की गई थी। बता दें कि इस फिल्म के अलावा मनीष मल्होत्रा की तीन फिल्में पाइपलाइन में हैं, जिनमें से एक दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान की कमबैक फिल्म है। उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए बताया, टिस्का चोपड़ा एक फिल्म का निर्देशन कर रही हैं। शीर कोरमा बनाने वाले फराज अंसारी बन टिक्की नाम की फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, और विभू पुरी जिन्होंने ताज का निर्देशन किया है एक फिल्म वह बनाएंगे।





# पर्दे पर रणबीर के साथ फिर से धमाल मचाना चाहते हैं आदित्य रॉय कपूर

आदित्य रॉय कपूर हाल ही इंडिया कॉउचर वीक 2024 में रैंप वॉक करते नजर आए। उन्होंने कहा कि वह रणबीर कपूर के साथ दोबारा काम करने की तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसके लिए कुछ अच्छा और मजेदार प्रोजेक्ट होना चाहिए। फिल्म ये जवानी है दीवानी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में रणबीर कपूर और आदित्य रॉय कपूर की अदाकारी ने लोगों की खूब वाहवाही बटोरी थी। हाल ही में एएनआई से बात करते हुए आदित्य ने रणबीर के साथ फिर से पर्दे पर अभिनय करने की इच्छा जताई है।

**आदित्य ने कही यह बात**

इस फिल्म में रणबीर, आदित्य के साथ दीपिका पादुकोण और कल्कि केकलां ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। आदित्य ने कहा, मैं उनके (रणबीर) साथ फिर से फिल्म में अभिनय करना पसंद करूंगा। हमने उये जवानी है दीवानी में साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया। हमने अच्छा समय बिताया। इसलिए अगर कोई ऐसा कुछ लिखता है जो मजेदार हो और उम्मीद है कि हम फिर से जरूर साथ नजर आए।



ये जवानी है दीवानी रही थी ब्लॉकबस्टर

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी ये जवानी है दीवानी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फिल्म का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस की ओर से किया गया था। यह फिल्म चार युवा दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने अपने लापरवाह कॉलेज के दिनों के बाद जीवन की यात्रा शुरू करते हुए प्यार और दिल टूटने की भावनाओं का अनुभव किया। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। बता दें कि शुक्रवार (26 जुलाई) को आदित्य ने दिल्ली में इंडिया कॉउचर वीक 2024 में डिजाइनर कुणाल रावल के लिए रैंप वॉक किया।

# राम चरण ने किया मारुति नगर सुब्रमण्यम का ट्रेलर हुआ रिलीज

साउथ के मशहूर स्टार राम चरण ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल से मारुति नगर सुब्रमण्यम के ट्रेलर को रिलीज किया है। इस फिल्म में राव रमेश मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर को देखकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मारुति नगर सुब्रमण्यम एक मजेदार कॉमेडी फिल्म है। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत में राव रमेश सिगरेट पीते नजर आते हैं। वहीं उनकी पत्नी उनकी इस आदत से परेशान नजर आती हैं, लेकिन राव रमेश को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है। राम चरण ने मारुति नगर सुब्रमण्यम के ट्रेलर को रिलीज करते हुए लिखा है, यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सबने शानदार काम किया है। यह फिल्म एक रोमांचक फिल्म होने वाली है। मैं मारुति नगर सुब्रमण्यम की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बने यशस्वी जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस कैलेंडर वर्ष में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जायसवाल ने पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी 20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच में 8 ओवर में 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, जायसवाल ने सिर्फ 15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रनों की तेज पारी खेली। उनके रन 200.00 के स्ट्राइक रेट से आए। इस साल सिर्फ 13 मैचों में, जायसवाल ने 63.93 की औसत और 94.54 की स्ट्राइक रेट से 1,023 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। विशेष रूप से, ये सभी टेस्ट और टी-20 में उनके प्रदर्शन से आए हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक अपना वनडे डेब्यू नहीं किया है। दूसरे नंबर पर, श्रीलंकाई खिलाड़ी कुसल मेंडिस (26 मैचों में 888 रन, छह अर्द्धशतक के साथ) और तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (25 मैचों में 844 रन, एक शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ) हैं।

### बोपन्ना-बालाजी की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर



**पेरिस।** रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की भारतीय जोड़ी रविवार देर रात पेरिस ओलंपिक में टेनिस पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर के मैच में हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को फ्रांसीसी जोड़ी गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर-वेसलिन के खिलाफ सीधे सेटों में 7-5, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह खेल 1 घंटे 16 मिनट तक चला। फ्रांसीसी जोड़ी ने अपने तीन ब्रेक-पॉइंट मौकों में से दो को भुनाया, जिससे उन्हें पहला सेट जीतने में मदद मिली। इस बीच, बोपन्ना-बालाजी ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे वे मैच पर नियंत्रण नहीं बना पाए। दूसरे सेट में फ्रांसीसी जोड़ी ने चौथे और आठवें गेम में बोपन्ना-बालाजी की सर्विस तोड़कर सीधे जीत हासिल की।

### आईसीसी बैठक की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश अगली आईसीसी बोर्ड बैठक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और साथ ही खेल की शासी संस्था के चुनाव होने की भी संभावना है। ग्रेग बार्कले आईसीसी के वर्तमान अध्यक्ष हैं। नवंबर 2022 में, बार्कले को सर्वसम्मति से दूसरे दो साल के कार्यकाल के लिए आईसीसी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, जो इस साल के अंत में समाप्त हो रहा है। नजमुल ने रविवार को सचिवालय में एक अचानक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संवाददाताओं से कहा यह पुष्टि हो गई है कि अगली आईसीसी बोर्ड बैठक ढाका में होगी। संभवतः आईसीसी चुनाव भी यहीं होंगे। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि आईसीसी चुनाव यहीं होंगे क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष की यह आखिरी बोर्ड बैठक होगी। हमें इस समय तक अपना चुनाव जनादेश देने की उम्मीद है। नजमुल ने आगे बताया कि आईसीसी देश में अशांति को लेकर चिंतित है, लेकिन आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में उनकी मौजूदगी ने शासी निकाय को आश्वस्त किया है कि बांग्लादेश आगामी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी की योजना पर काम कर रहा है।

### पेरिस ओलंपिक : पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता

**पेरिस।** अर्जुन बाबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा में पोडियम स्थान के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। बबूता ने अधिकांश समय शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन अंतिम शॉट में 9.5 के स्कोर के कारण वह पीछे रह गए। इससे पहले, 60 शॉट की क्वालीफिकेशन सीरीज में बबूता ने कुल 630.1 अंक हासिल किए और सातवां स्थान हासिल किया। बबूता पेरिस 2024 खेलों में शूटिंग स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे भारतीय हैं। पहली भारतीय मनु भाकर थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं और कांस्य पदक जीता। दूसरी भारतीय रमिता जिंदल थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं।

# वर्षा बाधित मैच में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

- सूर्या ने 12 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली
- यशस्वी ने 15 गेंदों पर 30 रनों का योगदान दिया



**पल्लीकल। एजेंसी**

तीन टी20 मैचों की श्रृंखला में रविवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। बारिश से बाधित इस मैच में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत के सामने 8 ओवर में 78 रनों का लक्ष्य था, जिसे टीम इंडिया ने 9 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने एक बदलाव के साथ संजू सैमसन को यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करने को भेजा।दो गेंद फेंके जाने के बाद ही बारिश शुरू हो गई, जिससे मैच रुक गया। हालांकि जब खेल शुरू हुआ तो डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत को 8 ओवर में 78 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला। सैमसन एक बार फिर विफल रहे और बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और यशस्वी ने मोर्चा संभाला और 39 रनों की साझेदारी कर पारी को पटरी पर ले आए। सूर्या ने 12 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जबकि यशस्वी जयसवाल ने 15 गेंदों पर 30 रनों का योगदान दिया। आखिर में हार्दिक पांड्या ने 9 गेंद पर 22 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। ऋषभ पंत 2 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए महीशा पथिराना, वानेंदू हसरंगा और मथीशा तीक्ष्णा ने 1-1 विकेट चटकाए। इससे पहले भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रनों का स्कोर बनाया। श्रीलंका के लिए कुसल परेरा ने सबसे अधिक 53 रन बनाए। पथुम निशंका ने 32 रन, कमेंडु मेंडिस ने 26 और चरिथ असलंका ने 14 रन बनाए। जबकि ओपनर कुशल मेंडिस ने 10 रन और रमेश मेंडिस ने 12 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से रवि विश्नोई ने 3 विकेट अपने नाम किए। जबकि अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और अर्शदीप सिंह को 2-2 सफलता मिली।

## टी-20 प्रारूप में 2025 के पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुषों के एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी प्रायोजन अधिकार दस्तावेज के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण के अनुसार, कुल 13 मैच टूर्नामेंट में होंगे जिसमें छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी। हालांकि तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश में मानसून का मौसम खत्म होने के बाद सितंबर में इसे आयोजित किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) 2023-27 के अनुसार, भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है, क्योंकि जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी होगी।

आईपीएल खत्म होने के बाद, टीम जून से अगस्त तक इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाएगी। इसलिए, एशिया कप बांग्लादेश सीरीज के बाद और अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आयोजित होने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि संभावित स्थलों के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूनार्मेंट नहीं होगा, उस साल महिला एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, उसके बाद पुरुषों का अंडर-19 और इमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट होगा। पिछले साल, एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने अपने घरेलू मैदान पर कुछ मैचों की मेजबानी की थी।

# पेरिस ओलंपिक : 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पर निशाना साधेंगे भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी

- दोनों खिलाड़ियों ने 97-97 अंक हासिल किए
- रिदम सांगवान और अर्जुन चीमा 10वें स्थान पर रहे और इसलिए पदक मैच से चूक गए



**पेरिस। एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के निशानेबाजी अभियान को एक और सकारात्मक सफलता मिली, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही, जिससे कांस्य पदक मैच में उनकी जगह पक्की हो गई।

मनु-सरबजोत, जिन्होंने कुल 580-20x अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया, चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे, जिसने 579-18x अंक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक का मुकाबला तुर्किये (582-18x) और सर्बिया (581-24x) के बीच होगा। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा 10वें स्थान पर रहे और इसलिए पदक मैच से चूक गए। मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में, टीम के प्रत्येक सदस्य को 30 मिनट की अवधि में कुल 30 शॉट लगाने थे। शॉट्स की प्रत्येक श्रृंखला में प्रत्येक खिलाड़ी के 10 शॉट और कुल 20 शॉट होते हैं। शीर्ष चार टीमों को पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने का विशेषाधिकार मिला, जिसमें शीर्ष दो टीमें स्वर्ण के लिए और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें कांस्य के लिए भिड़ेंगी। रिदम और चीमा की टीम ने शॉट्स की अपनी पहली श्रृंखला के अंत में 194 अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने 97-97 अंक हासिल किए। दूसरी



टीम मनु-सरबजोत 193 अंकों के साथ छठे स्थान पर रही, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 95 अंक मिले। अपनी दूसरी सीरीज में मनु और सरबजोत ने कुल 195 अंक हासिल किए, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 97 अंक मिले। दूसरी ओर, रिदम और चीमा ने अपनी दूसरी सीरीज में 192 अंक हासिल किए, जिसमें रिदम को 99 और चीमा को 93 अंक मिले।

अपनी तीसरी सीरीज में मनु-सरबजोत ने 192 अंक हासिल किए, जिसमें मनु को 95 और सरबजोत को 97 अंक मिले। दूसरी ओर, रिदम और चीमा को 190 अंक मिले, जिसमें रिदम को 92 और चीमा को 98 अंक मिले। तीनों श्रृंखलाओं के अंत में मनु-सरबजोत का अंतिम स्कोर 580-20x था और रिदम-चीमा का संयुक्त स्कोर 576-14x था, लेकिन वे 10वें स्थान पर रहे। गौरतलब है कि भाकर ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक हासिल करने के लिए तीसरा स्थान हासिल किया।

## महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 7वें स्थान पर रहीं रमिता



**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। वह एलिमिनेशन के लिए फ्रांस की ओसेन मुलर के साथ शूट-ऑफ में शामिल थीं और 10.5 अंकों के साथ बाहर हो गईं, जबकि फ्रांसीसी शूटर 10.8 अंक ही बना पाईं। फाइनल के बाद भारतीय शूटर का कुल स्कोर 145.3 रहा। रमिता पहले नौ शॉट के बाद तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन 10वें शॉट में वह मात्र 9.7 अंक ही बना पाईं, जिससे वह सातवें स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उन्होंने 10.4 और 10.5 के शॉट के साथ पहले एलिमिनेशन को टालने के लिए घबराहट से लड़ाई लड़ी।

## टेबल टेनिस : राउंड ऑफ 64 मैच में हारे हरमीत



**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय पैडलर हरमीत देसाई को रविवार रात पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस पुरुष एकल के 64वें राउंड के मैच में फ्रांस के फेलिक्स लेब्रन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हरमीत देसाई को फेलिक्स लेब्रन के खिलाफ 11-8, 11-8, 11-6, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा। लेब्रन ने पहले सेट से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और मैच को सिर्फ. 28 मिनट में ही समाप्त कर दिया। 31 वर्षीय भारतीय पैडलर ने शनिवार को प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन को सीधे गेम में हराकर पेरिस 2024 के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। लेकिन टेबल टेनिस पुरुष एकल स्पर्धा में आगे बढ़ने में असफल रहे।

### बैडमिंटन : भारतीय महिला युगल जोड़ी पोनप्पा-क्रैस्टो को मिली दूसरी हार




**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला युगल बैडमिंटन में भारत की तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को सोमवार को जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने हरा दिया। क्रैस्टो और पोनप्पा को ग्रुप सी के दूसरे एकतरफा मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, भारतीय जोड़ी को अपने अभियान के पहले मैच में भी हार का सामना करना पड़ा था। वे कोरिया गणराज्य के किम सो यियोंग और कोंग ही योंग के खिलाफ सीधे सेटों में हार गए थे।

## वाणिज्य

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान जोरदार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एशियाई बाजार में भी आज खरीदारी का जोर बना हुआ है।

टेक कंपनियों के शानदार नतीजों के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,459.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 176.16 अंक यानी 1.03 प्रतिशत उछल कर 17,357.88 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 160.93 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,750.27 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का जोर बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,285.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### मजबूत शुरुआत के बाद शेयर बाजार में मुनाफा वसूली

# सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने बनाया ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार ने एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई के नए स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद दोनों सूचकांकों में और तेजी आई। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों में गिरावट भी दर्ज की गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और बीपीसीएल के शेयर 2.21 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर सिप्ला, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाइटन कंपनी, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा के शेयर 2.43 प्रतिशत से लेकर 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,307 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,715 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 592 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 17 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी कीमत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में सावन के दूसरे सोमवार के दिन भी सोना और चांदी के भाव में गिरावट आई है। गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट 69,140 रुपये से लेकर 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सर्राफा बाजारों में 63,390 रुपये से लेकर 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 70 हजार रुपये के ऊपर और 22 कैरेट सोना 64 हजार रुपये के ऊपर बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी



दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 69,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 63,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 68,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 70,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 64,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये,डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.14 डॉलर यानी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 81.27 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी फिसलकर 77.17 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएफ-जेसीएफ को अंगदान का राष्ट्रीय पुरस्कार, संस्थापक राजीव अरोड़ा ने जताई खुशी




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** अंगदान जागरुकता को लेकर पिछले दस वर्षों से राजस्थान में कार्य कर रही संस्था मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटिजन फोरम (एमएफ-जेसीएफ) को आगामी तीन अगस्त के दिन 14वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

वर्ष 2014 में जयपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राजनेता राजीव अरोड़ा और भावना जगवानी के द्वारा शुरू किया गया यह एनजीओ अब राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। इस संस्था के द्वारा इन दस वर्षों में हजारों लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 200 से अधिक लोगों का जीवन अंगदान के माध्यम से बचाया जा चुका है।

एमएफ-जेसीएफ के संस्थापक सदस्य और चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) की तरफ से राजधानी दिल्ली में मोहन फाउंडेशन-जयपुर सिटिज़न फोरम को सहायक एनजीओ के रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि यह सम्पूर्ण प्रदेश के लिए खुशी और गर्व का विषय है। अंगदान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह एक विशेष उपलब्धि है, यह इस संस्था के साथ जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए सम्मान की बात है। अरोड़ा ने आगे कहा कि आगामी एक अगस्त को एमएफ-जेसीएफ अपने दस वर्ष पूरे होने का उत्सव भी मनाने जा रही है। इस कड़ी में जयपुर शहर में एक भव्य रोड़ शो का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना होगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा मुख्य अतिथि होंगे, तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यक्रम विशेष अतिथि होंगे।


### जियो गेम्स ने अपने प्लेटफॉर्म पर गूगल गेम स्नैक्स का इंटीग्रेशन किया

**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली, 29 जुलाई, 2024:** भारत के अग्रणी गेमिंग प्लेटफॉर्म जियो गेम्स ने अपने जियो गेम्स एप और जियो सेट-टॉप बॉक्स में गूगल के गेम स्नैक्स को इंटीग्रेट करके अपने गेमिंग पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। जियो गेम्स के उपयोगकर्ता अब डेली सुडोकू, ओम नोम रन और ट्रैफिक टॉम सहित आठ लोकप्रिय गेम खेल सकते हैं। गेम स्नैक्स के सभी गेम जियो गेम्स उपयोगकर्ताओं के लिए फ्री में उपलब्ध होंगे। एंड्रॉइड फोन यूजर्स इन गेम्स को खेलने के लिए जियो गेम्स एप के होम पेज से आसानी से पहुंच सकते हैं। गूगल के गेम स्नैक्स गेम्स, मायजियो और जियोटीवी पर जियो गेम्स मिनी-एप्स पर भी उपलब्ध होंगे।

कंपनी ने कहा है कि इस सहयोग का उद्देश्य भारत में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए गेमिंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाना है, ताकि कैजुअल गेम्स तक ग्राहक की पहुंच आसान हो। गेम स्नैक्स के पास दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए 100 से अधिक गेम हैं। जियो गेम्स भारत को एक प्रमुख गेमिंग हब के तौर पर उभारना चाहता है और यह समझौता जियो गेम्स की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

# भारतीय शिक्षा और शोध भारत केंद्रित हो

चमकता राजस्थान



**जयपुर 29 जुलाई।** भारतीय शिक्षण मंडल झ्र युवा गतिविधि, जयपुर प्रान्त, एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शोध पत्र लिखने की कला'' विषय पर एक दिवसीय आनंदशाला एवं चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका : विजन फॉर विकसित भारत '' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं ''विज़न फॉर विकसित भारत शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं मां सरस्वती माँ भारती के फोटो पर पुष्पांजलि से किया गया।

प्रांत मंत्री प्रो. गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि भारतीय शिक्षण मंडल, शिक्षा में पुनः भारतीयता प्रतिष्ठित करने में कार्यरत एक अखिल भारतीय संगठन है। शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम एवं पद्धति तीनों भारतीय मूल्यों पर आधारित, भारत केन्द्रित तथा भारत हित की हो, इस दृष्टि से संगठन वैचारिक, शैक्षिक और व्यावहारिक गतिविधियों का नियमित आयोजन करता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. मुक ेश शर्मा रखते हुए बताया कि इस अमृतकाल में राष्ट्र निमार्ण के हर क्षेत्र में अपना अनमोल योगदान देने के लिए युवाओं को शोध पत्र लिखने के लिए सक्षम बनाना और प्रेरित करना सेमिनार का मुख्य उदेश्य है।इस अवसर पर विजन फॉर विकसित भारत विविभा के पोस्टर का विमोचन किया गया। आजादी के 100वें वर्ष में विकसित देशों में भारत का नाम हो विशिष्ठ अतिथि डॉ विश्व मोहन कटोंच, पूर्व महानिदेशक, आइ सी एम आर , दिल्ली ने युवाओं को शोध पत्र लिखने और अपने सुझाव देने के लिए आगे आने को कहा। डॉ कटोंच ने कहा कि चिकित्सा को मूल मानवाधिकार मानते हुए समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इसकी पहुँच होनी चाहिए तथा इसका लाभ सम्पूर्ण समाज को मिले। उन्होंने वर्तमान समय में चिकित्सा क्षेत्र में शोध के विभिन्न आवशयकताओं को विस्तार पूर्वक समझाया।

भारतीय शिक्षण मण्डल के राष्ट्रीय संरक्षक मोहन लाल छीपा ने बताया कि प्राचीन विज्ञान का आधुनिक विज्ञान के साथ समावेश कर शोध कार्य करना चाहिए जिससे भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाया जा सके । मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. अल्पना कटेजा ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रत्येक भारतीय का योगदान आवशयक है। उन्होने शिक्षा में भारतीयकरण पर जोर दिया एवं भारतीय सांस्कृतिक गौरव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हर भारतीय नागरिक से विज्ञान, स्वास्थ एवं खानपान की भारतीय पद्वति पर जोर देने की बात कही। शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर शोध की आवश्कता बताई।

मुख्य वक्ता हरियाणा सरकार में उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार अनायत ने कहा कि भारतीय शिक्षा और शोध भारत केंद्रित हो तभी भारत आत्मनिर्भर बन पाएगा । उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि शिक्षा पर वैदिक घोषणा इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि हर इंसान को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए, जबकि उपनिषद इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि प्रत्येक शिष्य को मोक्ष (आत्मसाक्षात्कारम्) प्राप्त करने में कैसे मदद की जाए। दोनों विचारधाराएं छात्र के स्तर, अनुशासन और अध्ययन के लिए चुने गए विषयों की परवाह किए बिना इन परिभाषित उद्देश्यों को प्राप्त करती हैं।

आयोजन सचिव डॉ. भारती मल्होत्रा, अतिरिक्त प्राचार्य, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर ने सभी मुख्य वक्ताओ का उपस्थित गणमान्य जनों एवं सेमीनार मे पूरे देश भर से आए हुए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम पुनार ने किया ।

## आनंद पाल सिंह एनकाउंटर केस का लेकर रावणा राजपूत समाज कि बैठक सम्पन्न




चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर शहर कांग्रेस महासचिव विक्रम सिंह पंवार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर के तत्वावधान में समाज के प्रबुद्ध जनों कि बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोर्ट द्वारा स्वर्गीय आनंद पाल सिंह एनकाउंटर केस में 6 पुलिस कर्मियों पर दफा 302 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने के आदेश का सभी ने स्वागत किया और भविष्य में स्वर्गीय आनंद पाल सिंह के परिवार जन को जो भी निर्णय या सहयोग चाहते हैं के लिए संगठन उनके साथ होगा। बैठक में राजस्थान रावणा राजपूत महासभा के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह रावणा, नन्द सिंह राजावत पूर्व अध्यक्ष, भंवर सिंह चिरांणा(सलाहकार),भंवर सिंह शेखावत,बनवारी सिंह गौड़,मौहब्बत सिंह चौहान, रूपसिंह, परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह पंवार, मानसिंह, बन्टी, के साथ सामाजिक प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया।

बैठक कि अध्यक्षता दिलीप सिंह राजावत अध्यक्ष राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर ने की ।

## तेली महापंचायत का सदस्यता अभियान जारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत की मीटिंग के बाद महापंचायत द्वारा बहुत से प्रमुख निर्णय किए गए।अब्दुल लतीफ आरको ने बताया की समाज में तेजी आ रही शिक्षा के प्रति जागरूकता से वो संतुष्ट हैं मगर प्रत्येक जिले में कार्य की आवशयकता है इस लिए हमको समाज के कुशल लोगों की तलाश है ताकि उनकी सेवाओं से समाज को संगठित तथा शिक्षित बनाया जा सके इसके लिए ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इस सिलसिले में तीन प्रमुख नियुक्तियां की गई जनाब जमील मंसूरी को विधान सभा अध्यक्ष खंडेला, मोहम्मद इलियास तगाला को विधानसभा व ब्लॉक अध्यक्ष लछमनगढ़ एवं मोहम्मद याकूब तेली को जिला उपाध्यक्ष सीकर मनोनित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको तथा पूर्व राज्य मंत्री व संरक्षक महापंचायत अशरफ अली खिलजी ने तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा जताई है की वह अपने पद की गरिमा बनाए रखेंगे तथा समाज को हर क्षेत्र में विकसित करने का कर्तव्य निभाएंगे तथा देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

## रावणा राजपूत समाज कि बैठक सम्पन्न

**चमकता राजस्थान।** जयपुर। जयपुर शहर कांग्रेस महासचिव विक्रम सिंह पंवार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर के तत्वावधान में समाज के प्रबुद्ध जनों कि बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोर्ट द्वारा स्वर्गीय आनंद पाल सिंह एनकाउंटर केस में 6 पुलिस कर्मियों पर दफा 302 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने के आदेश का सभी ने स्वागत किया और भविष्य में स्वर्गीय आनंद पाल सिंह के परिवार जन को जो भी निर्णय या सहयोग चाहते हैं के लिए संगठन उनके साथ होगा। बैठक में राजस्थान रावणा राजपूत महासभा के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह रावणा, नन्द सिंह राजावत पूर्व अध्यक्ष, भंवर सिंह चिरांणा(सलाहकार),भंवर सिंह शेखावत,बनवारी सिंह गौड़,मौहब्बत सिंह चौहान, रूपसिंह, परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह पंवार, मानसिंह, बन्टी, के साथ सामाजिक प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। बैठक कि अध्यक्षता दिलीप सिंह राजावत अध्यक्ष राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर ने की ।

## ऑल इंडिया स्टील बॉटल्स एसोसिएशन ने स्टेनलैस स्टील की बोतलों के लिए सरकार द्वारा बीआईएस सर्टिफिकेशन लागू किए जाने की सराहना की

चमकता राजस्थान

**जयपुर 29 जुलाई 2024** – ऑल इंडिया स्टील बॉटल्स एसोसिएशन ने स्टेनलैस स्टील की बोतलों के लिए भारत सरकार द्वारा 5 जून 2024 से बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड्स) निर्देश लागू किए जाने की सराहना की है। यह महत्वपूर्ण पहल 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' प्रोग्रामों तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ भारत के लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करती है। स्टेनलैस स्टील वैक्यूम-इंसुलेटेड वॉटर बॉटल और पोर्टेबल स्टेनलैस स्टील वॉटर बॉटल के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (क्यूसीओ)- उद्योग जगत, खासतौर पर एमएसएमई सेक्टर के लिए बड़ा कदम है।

क्राउन क्राफ्ट इंडिया के डायरेक्टर एवं ऑल इंडिया स्टील बॉटल्स एसोसिएशन के ट्रेज़रर श्री भारत अग्रवाल ने कहा, ''हम स्टेनलैस स्टील की बोतलों पर क्यूसीओ लागू करने के लिए सरकार के प्रति आभारी है। इससे हमारे उद्योग को नया जीवन मिलेगा और हम भारतीय उपभोक्ताओं तक बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद पहुंचा सकेंगे। हाल ही में मुंबई में एचजीएच ट्रेड शो के दौरान 2 जुलाई को ब्यूरो ऑफ इंडिया स्टैण्डर्ड्स द्वारा आयोजित सम्मेलन में अधिकारियों ने बताया कि आयात किए गए किसी भी आइटम को बेचना अब गैर-कानूनी है और ऐसे मामले पकड़े जाने पर ज़ब्ती की जाएगी। इसी तैयारी में, भारतीय कंपनियों ने आयातित मात्रा को प्रतिस्थापित करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा ली है, ये सभी प्रयास बीआईएस मानकों का अनुपालन करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।'

बीआईएस निर्देशों के तहत यह अनिवार्य है कि स्टेनलैस स्टील की किसी भी बोतल को बीआई-ईएस सर्टिफिकेशन के बिना भारत में आयात नहीं किया जा सकता। इसके अलावा देश में बनाई और बेची जाने वाली स्टेनलैस स्टील की सभी बोतलों पर बीआईएस सर्टिफिकेशन होना चाहिए। उपभोक्ता मामलों, भोजन एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि इन निर्देशों को लागू करने के लिए अब कोई छूट नहीं दी जाएगी। बड़े एवं मध्यम निर्माता अब बीआईएस-सर्टिफिकेशन के बिना कोई बोतल नहीं बेच सकते, वहीं छोटे एवं लघु निर्माताओं को क्रमशः 6 से 9 महीने की छूट दी गई है।

सरकार ने घरेलू उद्योग को समर्थन एवं बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर दी है। इसके लिए बीआईएस-निर्माताओं को भारत में अपनी युनिट स्थापित करने के लिए जल्द अनुमोदन, लाइसेंस एवं छूट देगा, साथ ही उत्पादों को उनके निर्माण के स्थान के आधार पर विभेदित किया जाएगा। भारत में निर्मित उत्पादों को ये फायदे मिलेंगे, इससे सुनिश्चित किया जा सकेगा कि घरेलू निर्माता जल्द से जल्द इन नए मानकों को अपना लें तथा बाज़ार में अपनी प्रतिस्पर्धा बनाए रखें।

बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत ऐसे किसी भी उत्पाद को आयात करना, बनाना, प्रोमोट करना, बेचना और वितरित करना अपराध है, जो बीआईएस सर्टिफाईड न हो। ऐसे में किसी भी प्रोडक्ट को खरीदने या स्वीकार करने से पहले सीएमएल नंबर और निम्नलिखित आईएसआई मार्किंग की जांच करें:

वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क और बोतल के लिए आईएस 17526

नॉन इंसुलेटेड बोतल के लिए आईएस 17803

नॉन-बीआईएस प्रोडक्ट के बारे में शिकायत की जानकारी तथा उपभोक्ताओं एवं कारोबारियों के लिए अस्वीकरण के बारे में जानने के लिए विज़िट करें : complaints@bis.gov.in


## कार्यालय ग्राम पंचायत, श्रीनगर
## पंचायत समिति, श्रीनगर, जिला अजमेर - 305025

क्रमांक :– ग्रा./प./श्री./ दुकान किराया नि./2024–25/58 दिनांक : 29/07/2024

**ग्राम पंचायत श्रीनगर की नव निर्मित 25 दुकानों में से दुकान नं. 10,14, 15, 22 को किराये पर देने सम्बंधी विज्ञप्ति**

पंचायत समिति श्रीनगर क्षेत्र के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं., श्रीनगर की माना में नव निर्मित दुकान नं. 10,14, 15, 22 को किराये पर खुली बोली द्वारा निम्नानुसार छोड़ी जाएगी। जिसकी आवंटन संबंधी शर्ते व नियमों की जानकारी कार्यालय ग्रा. प., श्रीनगर में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. स. | दुकान क्रमांक | आवेदन शुल्क | फार्म बिक्री दिनांक | फार्म व डी.डी. जमा करने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रक्रिया से पूर्व अग्रिम धरोहर राशि | दुकान आवंटन पश्चात धरोहर राशि | न्यूनतम किराया बोली | बोली प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10,14, 15, 22 | 500 | 30/07/2024 से 31/07/2024 तक | 01/08/2024 समय 10 :00AM से 05 :30PM तक | 25,000 रु. डी.डी. सरपंच ग्राम पंचायत श्रीनगर | 75,000 रु. डी.डी. सरपंच ग्रा. पं. श्रीनगर | 1500 | 02/08/2024 को 11 :00AM से निलामी प्रक्रिया पूर्ण होने तक |

दुकान किराए पर छोड़ने अथवा नहीं छोड़ने का अंति निर्णय ग्रा. पं. श्रीनगर द्वारा नियुक्त कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिलीप राठी
सरपंच
ग्रा. प. श्रीनगर

सुनील प्रजापत
उप सरपंच
ग्राम पंचायत श्रीनगर

सुनिता शर्मा
ग्राम सेवक
ग्रा. पं. श्रीनगर


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929